राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 85 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आईटीआई पास युवाओं के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और रोजगार मेले शुरू करने के निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए है कि आईटीआई से पास होने वाले प्रशिक्षुओ के शिक्षुता और प्लेसमेंट डाटा को एकत्रित कर पोर्टल बनाया जाएं। साथ ही आईटीआई से पास आउट हुए प्रशिक्षुओं का डेटा राज्य के उद्योग संस्थानों को उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल पोर्टल का निर्माण किया जाएं। साथ हर जिला में रोजगार के बड़े मेले लगाएं जाए। बकायदा इसके लिए विभाग कलेंडर भी जारी करें। ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा निवास में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा की गतिविधियों व उपलब्धियों बारे बैठक ले रहे थे। समीक्षा बैठक में विभाग के मंत्री गौरव गौतम ने पुष्प भेंट करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत भी किया। वन्दना दिसोदिया द्वारा एक प्रस्तुति के माध्यम से विभाग की गतिविधियां व उपलब्धियां भी प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण, आईटीआई का प्रतिष्ठानों के साथ ज्ञापन समझौता, आईटीआई संस्थानों में भवन रिपेयर के कार्य व सीएसआर के तहत प्रयोगशाला/आईटीआई का उन्नयन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## घर के पास पीएनजी पाइपलाइन, तो कनेक्शन लेना ही होगा, देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच सरकार ने बुधवार को देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति को सामान्य बताया है। भारत के पास ईंधन का पर्याप्त भंडार है। रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और लगभग 26 करोड़ टन तेल उपलब्ध है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले 25 दिनों में 2.5 लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए, जबकि 2.2 लाख उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी पर चले गए और 2.5 लाख नए आवेदन प्राप्त हुए। शर्मा ने कहा कि एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। इसमें कोई कमी नहीं आई है, जबकि 92 फीसदी से ज्यादा बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और बुकिंग का स्तर बढ़ने के बावजूद डिलीवरी सामान्य रूप से हो रही है। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी का आवंटन 50 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है, जिसमें होटल, ढाबे, सामुदायिक रसोई और प्रवासी श्रमिकों जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत लगभग 22 हजार टन




एलपीजी की आपूर्ति की गई है और 30 हजार छोटे सिलेंडर बांटे गए हैं। कई राज्यों में वैकल्पिक ईंधन के तौर पर अतिरिक्त केरोसिन (मिट्टी का तेल) का आवंटन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह ट्रांसपोर्टेशन के लिए इस्तेमाल होने वाली सीएनजी भी 100 फीसदी कंज्यूमर्स को उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि कई कंपनियों ने कई इंसेंटिव्स की घोषणा की है, जैसे 500 रुपये तक की फ्री गैस या सिक्योरिटी डिपॉजिट में छूट दी गई है। सुजाता शर्मा ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। लगभग 2,700 जगहों पर छापे मारे गए हैं, जबकि 2,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों से अपील कर रही है कि वे केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और घबराएं नहीं।

**स्पष्ट किया**

- भारत के पास ईंधन का पर्याप्त भंडार है। रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं : केंद्र सरकार

पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की अध्यक्षता

## पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं भारतः एस. जयशंकर

**तीखी बहस**

- पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर बुलाई गई बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को एक दलाल देश कहा। उनका इशारा इस संघर्ष में पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता की ओर था। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि इस मामले में पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों में कुछ भी नया नहीं है। क्योंकि 1981 से ही अमेरिका उस देश का इस्तेमाल करता आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, संसद परिसर में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए बुलाई गई इस बैठक में जयशंकर ने उपस्थित लोगों से कहा, हम कोई दलाल देश नहीं हैं। बैठक में सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि भारत इस मुद्दे पर चुप नहीं है, बल्कि लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पश्चिम एशिया के हालात पर विस्तृत प्रस्तुति दी।



### भारत हर स्थिति पर नजर रखे हुए है और जरूरी कदम उठा रहाः विदेश मंत्री जयशंकर

सरकार ने कहा कि भारत हर स्थिति पर नजर रखे हुए है और जरूरी कदम उठा रहा है। कांग्रेस के तारिक अनवर ने कहा कि पाकिस्तान सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूक दर्शक बना हुआ है। विपक्ष ने सरकार के जवाबों को असंतोषजनक बताते हुए लोकसभा और राज्यसभा में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग की। बैठक में कई विपक्षी नेताओं ने सुरक्षा, विदेश नीति और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठाए। सरकार ने दोहराया कि उसकी प्राथमिकता भारतीयों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तैयारी है। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि देश को एकजुट रहकर इस स्थिति का सामना करना होगा। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भारत की प्रतिक्रिया कमजोर है, लेकिन सरकार ने इसे खारिज किया।

सरकार ने यह भी बताया कि उसका सबसे बड़ा फोकस खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है, जिसमें अब तक सफलता मिली है।

**पाकिस्तान की भूमिका पर सरकार ने क्या कहा?**

सरकार ने पाकिस्तान को लेकर साफ कहा कि वह लंबे समय से अमेरिका के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। विदेश मंत्री के हवाले से कहा गया कि भारत ऐसी भूमिका नहीं निभाता और अपनी स्वतंत्र नीति पर चलता है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी तीसरे देश के जरिए अपनी कूटनीति नहीं करता। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भारत की प्रतिक्रिया कमजोर है, लेकिन सरकार ने इसे खारिज किया। सरकार ने बताया कि ईरान में भारतीय प्रतिनिधियों ने तुरंत जाकर संवेदना जताई थी और हर स्तर पर भारत सक्रिय है।

### टीएमसी ने बैठक से बनाई दूरी

गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी बैठक में मौजूद रहे। सरकार इस बैठक के जरिए सभी दलों को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री प्रतिभागियों के सामने विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें पश्चिम एशिया के हालात, भारत के हित और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी विपक्ष की ओर से कांग्रेस के तारिक अनवर और मुकुल वासनिक, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और बीजद के सस्मित पात्रा शामिल हुए हैं। जबकि जेडीयू से ललन सिंह और संजय झा बैठक में पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई है और राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए।

## किसानों को 2013 से पहले अधिग्रहित जमीन पर भी मिलेगा बढ़ा मुआवजा

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भूमि अधिग्रहण मामलों में उचित मुआवजे की सांविधानिक गारंटी को कम नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति और ब्याज वित्तीय बोझ की मात्रा पर निर्भर नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। एनएचएआई ने 4 फरवरी, 2025 के फैसले की समीक्षा मांगी थी। इस फैसले में कहा गया था कि 2019 का निर्णय पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। 2019 के फैसले में एनएचएआई अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के किसानों को मुआवजा और ब्याज देने की बात थी। भूस्वामियों को देय ब्याज भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार नौ फीसदी होगा। यह एनएचएआई अधिनियम के पांच फीसदी की सीमा के अनुसार नहीं होगा।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट।

## केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने देश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के संशोधित संस्करण (उड़ान 2.0) को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक 10 वर्षों के लिए लागू होगी, जिसका लक्ष्य 100 नए हवाई अड्डों/हेलीपोर्ट को विकसित करना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की



बैठक में 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान 2.0 को मंजूरी प्रदान की गयी। वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2035-36 तक दस साल की अवधि के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना-संशोधित उड़ान के शुभारंभ और कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई है। इस योजना के लिए भारत सरकार के बजटीय सहयोग से कुल 28,840 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। संशोधित उड़ान योजना के तहत, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मौजूदा अप्रयुक्त हवाई पट्टियों से 100 हवाई अड्डों को विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए कुल 12,159 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना में 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए कुल 3,661 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इसके अलावा बाजार के लंबे समय तक विकास की आवश्यकता को देखते हुए एयरलाइन ऑपरेटरों को वीजीएफ सहायता देने का प्रस्ताव है, जिसकी राशि 10,043 करोड़ रुपये होगी।

## गुजरात विधानसभा में यूसीसी विधेयक पारित

**गांधीनगरः** गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक बहुमत से पारित हो गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के बाद गुजरात यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। बिल पारित होने के बाद सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों ने समर्थन जताते हुए जय राम के नारे लगाए और मेज थपथपाकर स्वागत किया। वहीं सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस बिल को समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बताया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया। जिसके बाद सदन में 7 घंटे में लंबी चर्चा हुई।

## हिमाचल विधानसभाः विपक्ष का वॉकआउट, सीएम का पलटवार

**सदन में चर्चा**

- पूर्व सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप, मेडिकल कॉलेज में 100 करोड़ की अनियमितता उजागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** बजट अभिभाषण पर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में



जवाब देते हुए कहा कि राज्य का बजट पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार किया गया है और इसमें किसी प्रकार का छिपाव नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल के साथ विस्तार से विचार-विमर्श के बाद वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया। मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले 3000-4000 करोड़ रुपये का कृत्रिम घाटा दिखाकर योजनाएं बनाई जाती थीं, जबकि इतनी राशि वास्तविक रूप से उपलब्ध नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी, तब प्रदेश की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, जिसके कारण मंत्रिमंडल विस्तार भी तुरंत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व जयराम सरकार को आरडीजी और जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में बड़ी राशि प्राप्त हुई, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश पर भारी कर्ज का बोझ छोड़ा गया।







# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पहले दिन कर्नाटक का जलवा, धनीश और अंजलि ने जीते स्वर्ण

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले दिन तैराकी स्पर्धाओं में कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम किया, जबकि ओडिशा और मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में कर्नाटक के धनीश एन और महिला वर्ग में ओडिशा की अंजलि मुंडा ने स्वर्ण पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले दिन तैराकी स्पर्धाओं में कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम किया, जबकि ओडिशा और मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में कर्नाटक के धनीश एन और महिला वर्ग में ओडिशा की अंजलि मुंडा ने स्वर्ण पदक जीतकर टूनामेंट का शानदार आगाज किया। धनीश ने 2:03.55 सेकंड का समय निकालते हुए अपने ही राज्य के खिलाड़ी को बड़े अंतर से पीछे छोड़ा, जबकि अंजलि ने बेहद करीबी मुकाबले में जीत दर्ज की। पहले दिन तैराकी में कर्नाटक का दबदबा देखने को मिला, जहां टीम ने छह में से पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए। कर्नाटक के मणिकांत एल और मेघांजलि ने दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर टीम की बढ़त को और मजबूत किया। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी निराश नहीं किया और एक रजत व एक कांस्य पदक जीतकर अपने अभियान की शुरूआत की। इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो नौ खेलों में कुल 106 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।




## एथेलिक्स का आयोजन 30 मार्च से

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर।** भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और अदम्य खेल भावना को एक नया राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर, सरगुजा और जगदलपुर में आयोजित की जा रही । बस्तर संभाग मुख्यालय, जगदलपुर में 'प्रथम खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स-2026' के तहत एथेलिक्स का आयोजन 30 मार्च से होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक खेल उत्सव के लिए देशभर के 26 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों का आगमन रायपुर में हो रहा है , जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। बस्तर के धरमपुरा के क्रीड़ा परिसर में आयोजित होने वाले प्रतिस्पर्धा में मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड की टीमें भी पूरी तैयारी के साथ शिरकत कर रही हैं।

# रायपुर : विवेकानंद विमानतल में केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया का हुआ भव्य स्वागत



**रायपुर।** केन्द्रीय खेल एवं श्रम कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया का प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अगुवाई में विवेकानंद विमानतल में बुधवार को भव्य स्वागत हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया एक दिवसीय प्रवास में रायपुर पहुंचे। खेलो इंडिया अभियान के तहत आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ के लिए रायपुर पहुंचे। इस दौरान उनका लोककलाकारों व खिलाड़ियों द्वारा स्वागत किया गया। केन्द्रीय मंत्री मांडविया का विमानतल में मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश महामंत्री ड़ॉ. नवीन मारकंडे, विधायक गण सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुशांत शुक्ला, महापौर मीनल चौबे, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, अपैक्स बैंक अध्यक्ष केदार गुप्ता, कार्यालय प्रभारी आशोक बजाज, सह कार्यालय प्रभारी प्रितेश गांधी, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नलिनेश ठोकने, अमित चिमनानी, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, प्रदेश सत्कार संयोजक आकाश विग,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक संजूनारायण सिंह सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को मिलेगी नई दिशा



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की अध्यक्षता में स्क्रिप्ट समिति के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रदेश में फिल्म निर्माण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखी जा रही है। संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने सिनेमा और संस्कृति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। बैठक में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. राजन यादव, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के फोटो अधिकारी श्री अभिमन्यु सिन्हा, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर से पद्मश्री डॉ. राधेश्याम तारक तथा प्रसार भारती दूरदर्शन रायपुर के कार्यक्रम अधिकारी श्री पी.के. पाठक उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मुंबई से फिल्म अभिनेता श्री भगवान तिवारी ने भी अपनी भागीदारी निभाते हुए फिल्म निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक में सदस्य सचिव के रूप में उप संचालक श्री उमेश मिश्रा ने समन्वय की भूमिका निभाई।

बैठक के दौरान स्क्रिप्ट समिति के गठन की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस समिति का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोककथाओं, ऐतिहासिक प्रसंगों, जनजीवन और परंपराओं पर आधारित सशक्त और गुणवत्तापूर्ण पटकथाओं को प्रोत्साहित करना है, ताकि स्थानीय विषयवस्तु पर आधारित फिल्मों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

# बक्सर जेल में स्थित वामन भगवान मंदिर पूजा करने जा पाएंगे आम लोग: सम्राट चौधरी

**व्यवस्था**

बटुक वामन भगवान के मंदिर को आम लोगों के लिए खोला जाएगा और इसके लिए व्यवस्था की जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऐलान किया कि बक्सर जेल परिसर में स्थित भगवान विष्णु के पांचवें अवतार बटुक वामन भगवान के मंदिर को आम लोगों के लिए खोला जाएगा और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पटना के बाद अब कोइलवर से बक्सर तक मैरिन ड्राइव का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में यातायात और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सम्राट चौधरी बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने बक्सर के किला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। बक्सर में हाल ही में सीमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है और यहां देश का सबसे बड़ा कोल्ड ड्रिंक बॉटलिंग प्लांट भी स्थापित किया गया है। वर्ष 2005 से पहले बिहार में बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। उस समय पटना से बक्सर आने में चार से पांच घंटे लगते थे, जबकि आज यह दूरी दो घंटे में पूरी हो रही है। बक्सर-चौसा सड़क का निर्माण जारी है और गंगा नदी पर फोरलेन पुल बनाया जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में सड़कों का विस्तार के बाद 1 लाख 40 हजार किलोमीटर सड़क है जबकि पहले यह आंकड़ा महज 6 हजार किलोमीटर था। बिहार का बजट 6 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये हो गया है। बिजली क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले 17 लाख उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर 2 करोड़ 16 लाख हो गए हैं।

# टीवीएस मोटर कंपनी ने लॉन्च किया टीवीएस किंग का वादा 3.0

**ओनरशिप**

उपभोक्ताओं को सहयोग प्रदान करने की टीवीएस मोटर कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** दुनिया की अग्रणी दोपहिया एवं तिपहिया निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस किंग का वादा 3.0 के लॉन्च की घोषणा की है। टीवीएस किंग थ्री-व्हीलर फैमिली के लिए कस्टमर-वैल्यू सपोर्ट की यह पहल इसके पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए उपभोक्ताओं को मिलने वाले फायदों का दायरा भी बढ़ाती है। वादा 3.0 के साथ टीवीएस मोटर कंपनी अपनी प्रतिबद्धता को सिर्फ वाहनों के स्वामित्व तक ही सीमित नहीं रखती बल्कि अपने उपभोक्ताओं एवं उनके परिवारों के लिए सुरक्षा और कल्याण को भी प्राथमिकता देती है।

टीवीएस किंग का वादा 3.0 एक व्यापक ओनरशिप पैकेज लेकर आया है, जिसे उपभोक्ता एवं उनके परिवारों को मन की शांति, बेहतर वित्तीय सुरक्षा और कम डाउनटाईम का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सटेंडेड वारंटी, फ्री मेंटेनेन्स सर्विसेज एवं रोडसाईड असिस्टेन्स के साथ यह योजना व्यक्ति एवं परिवार की सुरक्षा के फायदे देती है। इस तरह यह मोबिलिटी के दायरे से बढ़कर उपभोक्ताओं को सहयोग प्रदान करने की टीवीएस मोटर कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। टीवीएस किंग का वादा 3.0 के मुख्य फायदों में शामिल है।

# योगी सरकार में वन स्टॉप सेंटर बने महिलाओं के लिए सबसे बड़ा सहारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का वन स्टॉप सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 55,134 प्रकरणों में महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच और प्रभाव को दिखाता है। यह उन हजारों महिलाओं की कहानी है जिन्हें संकट की घड़ी में तुरंत सहारा मिला है। इसके अंतर्गत 26,450 मामले पुलिस के माध्यम से आए, जबकि 7,551 महिलाएं खुद सहायता के लिए आगे आईं यानी सिस्टम तक पहुंच और उस पर भरोसा दोनों तेजी से बढ़ा है।

**हर चैनल से जुड़ा सिस्टम, हर पीड़िता तक पहुंच वन स्टॉप सेंटर**




अब एकीकृत व्यवस्था के रूप में काम कर रहे हैं। महिला हेल्पलाइन से 8,506, बाल कल्याण समिति से 6,433 और अन्य माध्यमों से 5,560 मामले सामने आए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के जरिए भी महिलाओं को सहायता मिली। यह दिखाता है कि अब व्यवस्था अलग-अलग हिस्सों में बंटी नहीं है, बल्कि एक प्लेटफॉर्म पर आकर पीड़ित महिला को हर जरूरी मदद उपलब्ध करा रही है।

**हर तरह की समस्या का एक ही समाधान केंद्र**

इन प्रकरणों में सबसे अधिक 34,565 मामले सिविल विवादों से जुड़े हैं, जबकि 14,268 मामले घरेलू हिंसा के हैं। इसके अलावा यौन हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा और साइबर अपराध से जुड़े मामले भी हैं। साफ है कि वन स्टॉप सेंटर अब केवल एक सेवा नहीं, बल्कि महिलाओं से जुड़ी हर समस्या के समाधान का केंद्र बन चुके हैं।

# चेतक स्क्रीन अवार्ड्स, 24 नॉमिनेशंस के साथ धुरंधर सबसे आगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की 'स्क्रीन एकेडमी' ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स' के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा।आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर 'धुरंधर' 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की 'सैयारा' ने 17 और नीरज घेवान की 'होमबाउंड' ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई। ये नॉमिनेशंस थिएटर और ओटीटी , दोनों प्लेटफॉर्म्स की फिल्मों के लिए हैं, जो आज के भारतीय सिनेमा की बदलती तस्वीर को दशार्ते हैं।1995 में शुरू हुए 'स्क्रीन अवार्ड्स' अपनी संपादकीय निष्पक्षता के लिए जाने जाते हैं। इसका संचालन 'स्क्रीन एकेडमी' करती है, जो 50 से अधिक दिग्गज फिल्मकारों, कलाकारों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों की एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी संस्था है। इस साल, एकेडमी के 95 प्रतिशत से ज्यादा सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 'ओलंपिक पद्धति' का इस्तेमाल किया गया।

# चौथे वार्षिक स्नो टेल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन, इंसानों और कुत्तों का अनोखा संगम

**पशु कल्याण**

कुल्लू जिले के सेथन में चौथे वार्षिक स्नो टेल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुल्लूः** हिमाचल प्रदेश में पशु कल्याण के समर्थन में देश का सबसे बड़ा स्नो शो मनाली स्ट्रेज ने स्नो मैराथन लीग के सहयोग को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के सेथन में चौथे वार्षिक स्नो टेल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस आयोजन में कुत्तों और उनके मानव साथियों ने भाग लेकर करुणा, समुदाय और पशु कल्याण का एक सुंदर संदेश दिया।इस वर्ष 24 कुत्तों और उनके मानव साथियों ने डॉग-ह्यूमन स्नो रेस में भाग लिया। हम्पटा वैली के किनारे बसे सेथन के बर्फ से ढके मनमोहक दृश्य इस आयोजन के दौरान जीवंत हो उठे, जहां उत्साहित कुत्तों की भौंक और प्रतिभागियों के जोश से पूरा माहौल गूंज उठा। इस अनोखी रेस में भाग लेने के लिए देशभर से प्रतिभागी पहुंचे, जिनमें कुछ लोग मुंबई से भी आए।स्नोटेल्स अब एक लोकप्रिय वार्षिक आयोजन बन चुका है और यह कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति जिलों में मनाली स्ट्रेज के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। स्नो टेल्स के संस्थापक और स्नो मैराथन लीग के संस्थापक गौरव शिमार ने कहा, ह्लपहाड़ी इलाकों में, जहां पशु चिकित्सा सेवाएं सीमित होती हैं, मनाली स्ट्रेज घायल और बीमार जानवरों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह संगठन शिक्षा, टीकाकरण और नसबंदी के माध्यम से दीर्घकालिक समाधान भी तैयार करता है। स्नो टेल्स जैसे आयोजन न केवल कुत्तों और उनके प्रेमियों का उत्सव हैं, बल्कि यह भी याद दिलाते हैं कि पशु कल्याण स्वस्थ, सुरक्षित और संवेदनशील समाज से गहराई से जुड़ा है। मनाली स्ट्रेज की सह-संस्थापक डॉ. बेकी मेटकाफ ने कहा, स्नो टेल्स हमारे साल के सबसे खुशहाल दिनों में से एक है, क्योंकि यह उन लोगों को एक साथ लाता है जो सच में जानवरों की परवाह करते हैं।

# बस्तर में हार्डकोर नक्सली कमांडर पापाराव सहित कुल 18 माओवादियों का आत्मसमर्पण





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को आज एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बस्तर संभाग के जगदलपुर में मोस्ट वॉन्टेड हार्डकोर नक्सली कमांडर पापाराव ने अपने 17 साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया। यह घटनाक्रम बस्तर में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस आत्मसमर्पण को नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक प्रहार बताते हुए कहा कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम पड़ाव पर है और बस्तर की धरती पर हिंसा की विचारधारा पराजित होती स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक भय और हिंसा का वातावरण बनाने वाली माओवादी विचारधारा अब समाप्ति की ओर है और बस्तर तेजी से विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की पारदर्शी, संवेदनशील और पुनर्वास केंद्रित नीतियों के कारण भटके हुए युवा अब मुख्यधारा में लौटने का विश्वास पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि यदि सही अवसर, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का भरोसा मिले, तो हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास के मार्ग को अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर में बंदूक की आवाज नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और नई उम्मीदों की गूंज सुनाई दे रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से हो रहे कार्यों ने बस्तर के जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि नक्सलमुक्त भारत का संकल्प अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने सुरक्षाबलों के साहस, समर्पण और रणनीतिक कार्रवाई की भी सराहना की। माओवाद के पूर्ण खात्मे के साथ बस्तर में शांति, विकास और विश्वास की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ेगी और छत्तीसगढ़ देश के सुरक्षित, समृद्ध और विकसित राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।

## एमएमएमयूटी में गर्ल्स हॉस्टल का भूमि पूजन व शिलान्यास किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

# नौ सालों में यूपी में तीन गुना बढ़ी महिला श्रम शक्तिः सीएम योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद बेटियों की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए सरकार की तरफ से किए गए प्रयासों से बीते नौ सालों में महिला श्रम शक्ति तीन गुना बढ़ी है। वुमेन वर्क फोर्स का आंकड़ा 12 से बढ़कर 36 प्रतिशत को पार कर चुका है। वर्ष 2017 से पहले महिला सुरक्षा जहां एक बड़ी चुनौती थी, वहीं अब बिना भय के महिलाओं का तेजी से कामकाजी होना समाज में सुरक्षा का एक मानक बना है।सीएम योगी बुधवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 144 बेडेड गर्ल्स हॉस्टल के भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह गर्ल्स हॉस्टल, पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर फंड से बनवाया जाएगा। इसके निर्माण पर 13.67 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने एमएमएमयूटी में 4.67 करोड़ रुपये की लागत से बनी साइबर फोरेंसिक रिसर्च लैब का उद्घाटन भी किया और रिसर्च एक्सीलेंस पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक पुस्तिका का अनावरण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी सुरक्षित हो, उसका सम्मान हो और वह स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर होकर नए भारत के निर्माण में




अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सके, इस दृष्टि से उसी प्रकार की सुविधाएं देना आज की आवश्यकता है। इसे ही ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार हर बड़े महानगर में कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण कर रही है। किसी भी समाज में सुरक्षा का मानक यही है कि महिलाएं बिना भय घर से बाहर निकल सकें। 2017 के बाद सरकार की तरफ से इस दिशा में किए गए प्रयासों के परिणाम सबके सामने हैं। पहले पढ़ने के लिए यूपी से बाहर भेज देते थे बेटियों को मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में महिला सुरक्षा चुनौती थी। मध्य व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत सारे परिवार ऐसे थे, जिन्होंने बेटियों को पढ़ने के लिए यूपी के बाहर कहीं छात्रावास में या फिर कहीं रिश्तेदारों के यहां भेज दिया था। आज यूपी के हर जनपद में बेटी बिना डर के पढ़ने जाती है, अन्य शहरों में कार्य करने जाती है। नौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में कामकाजी महिलाओं की संख्या 12 फीसदी से कम थी, वह आज बढ़कर 36 फीसदी से ज्यादा हो गई है। बेटा-बेटी में भेदभाव बंद होने पर कई गुना बढ़ेगी विकास की रफ्तार सीएम योगी ने कहा कि सदन में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए संसद से पास नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि 2029 के चुनाव में यह लागू हो जाए। जब समाज में महिला-पुरुष का भेद समाप्त होता है तो सुखद अनुभूति होती है। अभिभावक जब बेटी-बेटे में भेद करना बंद करेंगे तभी विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ पाएगी और तभी स्टेबिलिटी (स्थायित्व) आएगी। वर्तमान दौर में फोरेंसिक साइंस लैब की आवश्यकता को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के पास ग्रेड-1 की सिर्फ 02 फोरेंसिक साइंस लैब थीं। आज यूपी में ग्रेड-1 की 12 फोरेंसिक साइंस लैब हैं।

# चन्दन बाल विकास पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में सत्र 2025-2026 का कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो शत - प्रतिशत रहा। प्रार्थना -सभा का कार्य भार हरजीत कौर की देखरेख में कक्षा दसवीं व बारहवीं के छात्रों द्वारा संभाला गया जिसके अंतर्गत भाषण , कविताएं , नाटक, कहानी, गीत, नृत्य व अन्य प्रेरक प्रसंग शामिल रहे। मंच संचालन मनस्वी , खुशी रमन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार ,डॉक्टर श्वेता, सुरेंद्र , खेल शिक्षक विकास व सुरेन्द्र, प्रवीण कुमारी, रीटा , पूजा देशवाल, रीना व अभिभावकगण ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया, साथ ही कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की




भव्य प्रस्तुति के बाद प्रधानाचार्य व डॉक्टर श्वेता के सान्निध्य में यथाक्रम प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के अंतराल में प्रेरक सामूहिक नृत्य व हरियाणवी सामूहिक नृत्य की जोरदार प्रस्तुति की गई। हरियाणवी नृत्य समां बांधने वाला रहा। कक्षा नर्सरी में अनाया व सनाया ने प्रथम, भूमिका और सुहान ने द्वितीय, अदिति और रायका ने तृतीय , कक्षा एलकेजी ए और बी में अनाया और विहान ने प्रथम , सुरक्षित सिंह और वनिका ने द्वितीय , मानव्य और मनरीत ने तृतीय , कक्षा यूकेजी में कैलसी ने प्रथम, गर्व ने द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त , कक्षा पहली ए और बी में अयान और अर्नित ने प्रथम , पूर्व और लविश ने द्वितीय और खुश शर्मा और श्रीयंस ने तृतीय,कक्षा दूसरों ए और बी में हर्षिता और मानवी ने प्रथम , अवनी पंवार और सिया ने द्वितीय , मयन और मानवी ने तृतीय , कक्षा तीसरी में निश्चय और यष्टी ने प्रथम , पृथ्वी चौधरी और आरुष ने द्वितीय , वैभवी और कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा चौथी में हितेश ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय और अयान ने तृतीय , कक्षा पांचवी में केशव ने प्रथम, अभिमन्यु ने द्वितीय, विनय ने तृतीय , कक्षा छठी में क्विंसी ने प्रथम अवनी ने द्वितीय काश्वी ने तृतीय ,कक्षा सातवीं में शिवानी ने प्रथम सोनाक्षी ने द्वितीय तेजल ने तृतीय , कक्षा आठवीं में अंशिका ने प्रथम रिया ने द्वितीय और योगिता ने तृतीय , कक्षा नौवी में आयुष ने प्रथम, उज्जवल ने द्वितीय और योगेश, हैप्पी और

**परीक्षा परिणाम**

**कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो शत – प्रतिशत रहा**

शिवम ने तृतीय , कक्षा 11वीं आर्ट में श्लोक ने प्रथम, भूमि ने द्वितीय और अदिति ने तृतीय , कॉमर्स से मनस्वी ने प्रथम कनिष्का ने द्वितीय और शालिनी ने तृतीय ,साइंस में हर्षिका ने प्रथम राजकुमार ने द्वितीय वंशिका और जसलीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बेस्ट इन यूनिफॉर्म में अभिमन्यु, अवनी ,कृष्णांश, आयशा ,योगिता, खुशाल, परी, अमित और निष्ठा सिंह को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 30 विद्यार्थियों को पूर्ण उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया गया। शिक्षिका सुषमा देवी, पूजा नागपाल व मीनू को भी पूर्ण उपस्थिति का पुरस्कार दिया गया । इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। डॉक्टर श्वेता द्वारा भी प्रेरक विचार रखे गए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने छात्रवृंद को परीक्षा- परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन में उन्नति के पथ पर अग्रसर होकर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करें और आगे भी वे अपनी प्रतिभा द्वारा अपनी पहचान बनाए रखें। उन्होंने अध्यापकगण का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में अग्रगण्य ये ही हैं , साथ ही अभिभावकगण का भी धन्यवाद किया जिनके पूर्ण सहयोग से बच्चों ने यह सफलता हासिल की । सभी विद्यार्थियों को अपनी पहचान बनाए रखने और अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया ।

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, 51 चालान व 23 लाख से अधिक किया जुर्माना



**रादौर, 25 मार्च (कुलदीप सैनी) :** अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। रादौर एसडीएम नरेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों में ओवरलोड वाहनों के 16 चालान कर करीब 5.97 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं 40 दिनों में 51 चालान कर 23.11 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया और 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कियमुनानदी के पोबारी क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पिछले 10 दिनों में 29 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गई हैं। वहीं, अवैध खनन रोकने के लिए त्रिवेणी चौक, जठलाना और गुमथला में नाके लगाए गए हैं तथा मोबाइल टीमें दिन-रात गश्त कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

## महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में खेलकूद एवं योग-कराटे प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित



**समालखा (संजय नरवाल)**
नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा देने के बाद स्पोर्ट्स एक्टिविटी योग और कराटे गतिविधियां आयोजित की गईं। ये गतिविधियां पीटीआई प्रवीन दहिया और मधु बाला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अनुशासन, आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक फिटनेस तथा मानसिक एकाग्रता को बढ़ावा देना था। योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया, जिससे विद्यार्थियों ने शारीरिक लचीलापन और मानसिक शांति का अनुभव किया।
अंत में प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल, प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलकूद, योग एवं कराटे में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज स्थापना सप्ताह का हुआ समापन



**रादौर, 25 मार्च (कुलदीप सैनी) :** डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाए जा रहे आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतिम दिन वैदिक यज्ञ, व्याख्यान, भजन और सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल रमन शर्मा ने की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 19 से 25 मार्च तक आयोजित इस सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 19 मार्च को आर्य समाज का 152 वां स्थापना दिवस और 22 मार्च को हैदराबाद सत्याग्रह स्मरण दिवस मनाया गया। वहीं 25 मार्च को आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस पर यज्ञ कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर स्टाफ द्वारा वैदिक भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया गया। स्कूल के स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

## गुहला पुलिस द्वारा 2.75 बोतल हथकड़ी शराब व 20 ग्राम अफीम सहित आरोपी काबू

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** कैथल पुलिस अवैध शराब व नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 2.75 बोतल हथकड़ी शराब व 20 ग्राम अफीम बरामद कर ली गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के पीएसआई रोहित की टीम सांयकालीन गश्त के दौरान गांव मटकालियां क्षेत्र में मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत खरकां से गुहला मेन रोड गांव दुसेरपुर में नाकाबंदी शुरू की गई। कुछ समय बाद दुसेरपुर की तरफ से बाइक पर सवार होकर आए संदिग्ध गांव दाबन खेड़ी निवासी कुक्का सिंह को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे में कोल्ड ड्रिंक बोतल से 2.75 बोतल हथकढ़ी शराब व प्लास्टिक पन्नी से 20 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही हैं।

# इंद्री में गौवंश हत्या कांड का बड़ा खुलासा: यूपी से 3 आरोपी दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, (जसविंद्र )**
इंद्री क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से गौवंशों की हत्या और उनके अवशेष मिलने की लगातार घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत और भारी आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया था। तीन दिनों तक लगातार सामने आई इन वारदातों से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और क्षेत्र की स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई। घटनाओं के विरोध में गौ रक्षा दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की और दो दिन का अल्टीमेटम दिया। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए करनाल पुलिस की सीआईए-1 शाखा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच को तेज किया।

## वंदे मातरम से होगी कुवि के 35वें दीक्षांत समारोह की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में बुधवार को सीनेट हॉल में दीक्षांत समारोह को भव्य, गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दीक्षांत समारोह से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।
इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दीक्षांत समारोह की शुरूआत राष्ट्रगीत ह्लवंदे मातरमह्व गीत से की जाएगी, ताकि कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रभक्ति, गौरव और सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण में हो सके। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी विद्यार्थी के शैक्षणिक जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह को गरिमामय और यादगार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, निदेशक एवं प्राचार्यों को विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के बारे में सूचित कर ज्यादा से पंजीकरण करने का आह्वान किया। दीक्षांत समारोह के संयोजक डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश ने बताया कि 35 वें दीक्षांत समारोह में लगभग 3000 विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

जीएसटी करदाता ध्यान दें!




जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है वे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2026 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

LOGIN
करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें

'SERVICES > REGISTRATION > APPLICATION TO OPT FOR COMPOSITION LEVY पर जाएं

फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2025-26 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु.75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु.150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु.50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019 केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजनाः छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india

CBC 15502/13/0051/2526

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, रतिया द्वारा कम्युनिटी सेंटर में 101 कुंडीय हवन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**
**रतिया, 25 मार्च :**
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, रतिया की प्राचार्या मोनिका खन्ना की अगुवाई में स्थानीय कम्युनिटी सेंटर में 101 कुंडीय हवन का भव्य आयोजन किया गया। यह पवित्र यज्ञ डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के माननीय अध्यक्ष, आर्य रत्न पद्मश्री सम्मानित डॉ. पुनीत सुरी के जन्मदिवस को समर्पित रहा। कार्यक्रम नो नशा नेशन अभियान को सशक्त बनाने का प्रेरणादायी प्रयास सिद्ध हुआ।




समारोह में प्रमुख अतिथियों – श्रीमान एवं श्रीमती जोगिंदर सिंह नंदा (वाइस चेयरमैन नगर पालिका), वकील सिंह नथवान (जिला पार्षद वार्ड 10), हरवीर सिंह जोड़ा (प्रधान लायंस क्लब सिटी), विजय एडवोकेट (पूर्व सरपंच सहनाल), कृष्ण लाल (पार्षद ), डॉ. तरसेम, हरदेव सिंह, राजू (संचालक मां की रसोई), बलविंदर सिंह तथा सब-इंस्पेक्टर नाजर सिंह ने शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग से हवन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित अतिथियों ने एकस्वर में नशामुक्त समाज की दिशा में नो नशा नेशन अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

# जाट समाज के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया व हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार का जाट धर्मशाला में पहुंचने पर जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण शंयोकद ने स्वागत अभिनंदन किया। रामावतार पलसानिया (संस्थापक अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद) ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद का एक और ऐतिहासिक कार्य जाट समाज के नव-निर्माण में बनेगा मील का पत्थर। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित हिंदू हृदय सम्राट, वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जी की उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा का 29 मार्च तो सकौती टांडा, मेरठ, उत्तर प्रदेश में होगा भव्य अनावरण। जाट समाज को सामाजिक जागृति लाने के लिए फिर से कार्य करना होगा इस दौरान जाट समाज के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की और समाज को शिक्षा संस्कार संस्कृति और रोजगार से जोड़ने का आह्वान किया। जाट समाज सामाजिक और राजनैतिक रूप से बहुत कमजोर हो चुका है।




सामाजिक समरसता विघटन के कगार पर है इस लिए सामाजिक संस्थाओं को सामाजिक उत्थान व सामाजिक सरोकार की पहल को आगे बढ़ाना चाहिए।

राजनैतिक व्यवस्थाएँ समाज को कमजोर करती हैं। इसलिए समाज को राजनीतिक चतुराइयों से बचकर अपनी शाख को ज़िंदा रखना वर्तमान समय में बहुत जरूरी हो गया है। अपनी सामाजिक और राजनैतिक पहचान को फिर से मजबूत करने के लिए मेरठ उत्तर प्रदेश में महाराजा सूरजमल की उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 29 मार्च को रखा गया है जिसमें देश दुनिया भर से जाट समाज के लोग बड़ी तादाद में मेरठ पहुंच कर जाट समाज की ताकत का एहसास राजनीतिक दलों को कराने का करेंगा और भविष्य में जाट समाज 36 कौमों को साथ लेकर फिर से सामाजिक एकता व सामाजिक सौहार्द सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का निर्णय लेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा की जाट सरदारी को 29 मार्च में मेरठ पहुंचने का निमंत्रण दिया।

सुरेश सिरोही जैलदार (प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा-अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद) ने अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार ने बताया कि 29 मार्च को हरियाणा के प्रत्येक ब्लॉक ज़िला स्तर पर निमंत्रण दिया जा चुका है और हजारों की तादाद में हरियाणा का जाट मेरठ उत्तर प्रदेश पहुंच कर जाट समाज की एकता को मजबूत करेगा और भविष्य में जो भी रणनीति बनेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया, जाट धर्मशाला प्रधान कृष्ण श्योकंद, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज चहल, प्रदेश प्रधान महासचिव जयवीर ढांडा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव राजकुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कालीकावणा सरपंच-पाढा, गुरमीत सिंह प्रदेश सचिव, मनजीत भाल प्रदेश महासचिव, कैथल ज़िलाध्यक्ष विक्रम मानस, तेजी ढांडा, अशोक राणा सहित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारी व समाज बंधु उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### हाजी फहीम बने ओबीसी कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी, संगठन को मिलेगी नई मजबूती

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर,** ओबीसी कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर हाजी फहीम को हरियाणा प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को संगठन के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे हरियाणा में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।बताया जा रहा है कि हाजी फहीम लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और विभिन्न अहम जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। उनकी मेहनत, संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के दौरान डॉ. अनिल जयहिंद ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हाजी फहीम की नियुक्ति से हरियाणा में ओबीसी वर्ग के बीच कांग्रेस की पकड़ और मजबूत होगी। उनके अनुभव और संगठनात्मक कौशल का लाभ पार्टी को आगामी समय में मिल सकता है।

### डीपी वर्ल्ड ने जेन गोल्फ में नया क्लबहाउस खोला

**नोएडा।** डीपी वर्ल्ड ने आज गुरुग्राम स्थित जेन गोल्फ रेंज एंड एकेडमी में परमानेंट क्लबहाउस खोलने का एलान किया। हीरो इंडियन ओपन (26 से 29 मार्च) के ठीक पहले उठाए गए इस कदम के साथ कंपनी ने जमीनी स्तर पर गोल्फ को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। यह क्लबहाउस डीपी वर्ल्ड के ग्लोबल क्लबहाउस डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत दूसरा क्लबहाउस है। इससे पहले 2025 में दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में पहला क्लबहाउस खोला गया था। लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए प्रत्येक क्लबहाउस को एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर से तैयार किया गया है। इसे स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां गोल्फ इक्विपमेंट एवं शेल्टर्ड ट्रेनिंग एरिया मिलेगा। इससे एक सुरक्षित एवं समर्पित जगह मिलेगी, जहां युवा अपनी काबिलियत एवं कौशल को निखार सकेंगे। डीपी वर्ल्ड के ग्रुप चीफ कम्युनिकेशंस ऑफिसर डेनियल वैन ओटेरडिज ने कहा, वैश्विक स्तर पर खेलों के हमारे सफर में भारत महत्वपूर्ण सहभागी है। यहां परमानेंट क्लबहाउस खोलना इस खेल की नींव को मजूबत करने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। हम गोल्फर्स की नई पीढ़ी का सहयोग कर रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह खेल वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़े। दुबई में एक लोकल पोर्ट ऑपरेटर से ग्लोबल सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर बनने तक के डीपी वर्ल्ड के सफर में गोल्फ का महत्वपूर्ण जुड़ाव रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक स्तर पर कारोबार का विस्तार हो रहा है, विभिन्न बाजारों में ग्राहकों, पार्टनर्स एवं स्टेकहोल्डर्स को जोड़ने के लिए गोल्फ एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म बन गया है। वर्तमान समय में इस खेल में डीपी वर्ल्ड का निवेश इसकी वैश्विक पहुंच और अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में सार्थक सामाजिक प्रभाव की इसकी प्रतिबद्धता, दोनों का प्रतीक है। गोल्फ के दृष्टिकोण से भारत एक उभरता हुआ बाजार है। यहां जूनियर स्तर पर भागीदारी बढ़ रही है और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी सहभागिता बढ़ी है। जेन गोल्फ रेंज एंड अकादमी एक सामुदायिक-आधारित संगठन है जो क्षेत्र के युवाओं के लिए गोल्फ को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने पर केंद्रित है।

### श्रमिक सम्मेलन 2026 (फरीदाबाद) एवं श्रमिक सुरक्षा रिपोर्ट का विमोचन

**फरीदाबाद।** सेफ इन इंडिया फाउंडेशन  ने मार्च 2026 के लिए निर्धारित तीन श्रमिक सम्मेलनों में से दूसरे श्रमिक सम्मेलन का आयोजन मार्च 2026 को न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप , फरीदाबाद, हरियाणा में किया। इस कार्यक्रम में ऑटो-सेक्टर सप्लाई चेन से जुड़े 500 से अधिक श्रमिक शामिल हुए, जिनमें से अधिकांश कार्यस्थल पर चोट का अनुभव कर चुके हैं। पहला श्रमिक सम्मेलन 15 फरवरी को गुरुग्राम में आयोजित किया गया था, जिसमें 300 से अधिक श्रमिक शामिल हुए थे। तीसरा श्रमिक सम्मेलन गुरुवार, 26 मार्च को पुणे में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऑटो-सेक्टर सप्लाई चेन से जुड़े 500 से अधिक श्रमिकों के शामिल होने की अपेक्षा है। यह सम्मेलन श्रमिक सुरक्षा के औपचारिक लोकार्पण का भी अवसर बना। यह एक श्रमिक-केंद्रित रिपोर्ट है, जो एरक्ळ तक पहुँच, फैक्टरी दस्तावेजीकरण, मशीन सुरक्षा, खरीदार जवाबदेही और शिकायत निवारण से जुड़े प्रमुख निष्कर्षों और व्यावहारिक कार्य-बिंदुओं को सामने लाती है। श्रमिक सुरक्षा रिपोर्ट की मुख्य बातें है, ईएसआईसी  कार्ड समय पर नहीं मिल रहा, परिवार का ईएसआईसी  से जुड़ाव अधूरा है, दुर्घटना रिपोर्ट अब भी हर मामले में दर्ज नहीं होती, नियुक्ति पत्र लगभग नदारद हैं, रिपोर्ट के अनुसार, हर 100 श्रमिकों में से 97 को नियुक्ति पत्र नहीं मिला, वेतन पर्ची भी व्यापक रूप से नहीं दी जाती, हर 100 श्रमिकों में से 75 को सैलरी स्लिप नहीं मिली, पावर प्रेस मशीनों पर सुरक्षा बेहद कमजोर है,खराब मशीनों पर काम जारी रहता है, आदि..

# डीएवी स्कूल में संस्कारों से आलोकित सप्ताह का भव्य समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डीएवी विद्यालय जगाधरी गेट का प्रांगण गत सप्ताह एक अद्भुत आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का साक्षी बना, जब 19 मार्च से 25 मार्च तक विविध कार्यक्रमों की एक सजीव श्रृंखला ने पूरे वातावरण को संस्कारों की सुगंध से सराबोर कर दिया। यह सप्ताह केवल आयोजनों का क्रम नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से साकार हुआ एक जीवंत उत्सव था, जिसने शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रमों की इस श्रृंखला का शुभारंभ आर्य समाज स्थापना दिवस के पावन अवसर पर हुआ, जहाँ वैदिक सिद्धांतों, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

इसी क्रम में विद्यालय के पूर्व-प्राथमिक विभाग में मनाया गया वरिष्ठ जन दिवस विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के साथ मिलकर न केवल आनंद के

**सराबोर**

कार्यक्रमों की एक सजीव श्रृंखला ने पूरे वातावरण को संस्कारों की सुगंध से सराबोर कर दिया

पल साझा किए, बल्कि बड़ों के आशीर्वाद से संस्कारों की उस धारा को भी अनुभव किया, जो पीढ़ियों को जोड़ती है। इस अवसर ने विद्यालय और अभिभावकों के मध्य आत्मीयता के सेतु को और अधिक सुदृढ़ किया।

सप्ताह भर चले इन कार्यक्रमों के मध्य आनंदम शिविर का आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का स्रोत बना। इस समग्र आयोजन का भव्य और अत्यंत गरिमामय समापन 25 मार्च को हुआ, जब पद्मश्री पूनम सूरी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में वैदिक परंपरा के अनुरूप शत-कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

प्रातःकाल से ही विद्यालय का वातावरण मंत्रोच्चारण, श्रद्धा और उत्साह से गुंजायमान हो उठा।

# सफलता का कोई शार्ट कट रास्ता नहीं होता, निरंतर अभ्यास से ही छूया जा सकता है शिखरः कर्मजीत कौर

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्री भवानी मंदिर चीका ने अपना वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। हर साल की तरह इस बार भी विद्यालय का परिणाम शानदार रहा और शत-प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। परिणाम की घोषणा होते ही स्कूल परिसर बच्चों की किलकारियों और उनके चेहरों पर बिखरी मुस्कान से जीवंत हो उठा।

**शानदार उपलब्धि और मेरिट का दबदबा:** विद्यालय की प्रधानाचार्या करमजीत कौर ने परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि किंडरगार्टन (नर्सरी से यू.के.जी.) वर्ग में



नन्हे-मुन्नों ने असाधारण प्रदर्शन किया है। इस वर्ग में कुल 46 बच्चों ने प्रथम स्थान, 30 बच्चों ने द्वितीय स्थान और 28 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर (कक्षा 1 से 11वीं) तक का परिणाम भी उल्लेखनीय रहा। प्रधानाचार्या ने गर्व के साथ सांझा किया कि इन कक्षाओं में कुल 85 बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही 58 बच्चों ने द्वितीय और 56 बच्चों ने तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और अभिभावकों ने भी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

**प्रबंधन ने दी बधाई:** एस.डी. सभा के प्रधान राजीव शर्मा ने इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रधानाचार्या करमजीत कौर और पूरे शिक्षण स्टाफ की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। राजीव शर्मा ने कहा कि यह परिणाम शिक्षकों के समर्पण और छात्रों के अनुशासन का फल है। हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में अव्वल आ रहे हैं, बल्कि खेलों और अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

**उज्ज्वल भविष्य की कामनाः** परिणाम घोषित होने के बाद मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या कर्मजीत कौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट रास्ता नहीं होता और निरंतर अभ्यास ही आपको शिखर तक ले जाता है। उ न्होंने सभी छात्रों को नई कक्षाओं में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दीं और आगामी सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक

**यमुनानगर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में नशा विरोधी जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रीति ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए युवाओं को स्वस्थ और लक्ष्य आधारित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा तैयार की गई पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

# स्कूल बस संचालकों को करनी होगी नियमानुसार औपचारिकताएं पूरीः विवेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा बहुत जरूरी है, इसलिए स्कूल बस संचालकों को हर कीमत पर सरकार द्वारा निर्धारित औपचारिकताओं और नियमों को पूरा करना होगा। अगर किसी भी स्तर पर खामी पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इन बसों की निरंतर चैकिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए है। एडीसी विवेक आर्य बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला रोड सेफ्टी की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ने रोड सेफ्टी के मुद्दों को हाउस के समक्ष के रखा



और एक एक मुद्दे पर सम्बन्धित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को प्रस्तुत की है। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को साझे प्रयास करने होंगे और जहां जहां कमी है उन कमियों को दूर करना होगा। इस विषय को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि पिपली से लेकर अनाजमंडी पिपली तक सडक के दोनों तरफ अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाया जाए,ब्रह्मसरोवर के अंदर और बाहर की तरफ सीसीटीवी कैमरों को जल्द से जल्द स्थापित करने, सडकों से सम्बन्धित जितने भी लम्बित कार्य है उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि थानेसर शहर में

# चेयरमैन ने अनाज मंडी में बैठक कर दिए निर्देश

**नितिन सिंगला जगाधरी**

मार्केट कमेटी छछरौली के चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने आगामी गेहूं खरीद सीजन को लेकर छछरौली अनाज मंडी में वाईस चेयरमैन योगेश अग्रवाल मंडी सचिव रीषीराज यादव सहित अन्य कर्मचारियों एवं मंडी आढ़तियों के साथ बैठक की।

चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने अनाज मंडी में साफ सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि मंडी में गेहूँ खरीद के आवश्यक इंतजाम समय पर पूरे कर लिए जाएंगे, अनाज मंडी में जहाँ भी स्ट्रीट लाइट खराब है वह तुरंत ठीक करवाई जा रही है व सीजन के दौरान पीने के साफ पानी की व्यवस्था व शौचालयों की साफ सफाई



प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाए।

मार्केट कमेटी सचिव रीषीराज यादव ने बैठक में मंडी आढ़तियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए निदेर्शो से अवगत कराया व कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पूरी तरह से पालना की जाएगी व मंडी सीजन में आढ़तियों एवं किसानों को कोई भी दिक्कत नहीं आने दी जाऐंगी इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव रीषीराज यादव, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, धीरज अग्रवाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, प्रधान रणबीर सिंह,प्रधान नगेश चंद, विपिन चौधरी,अंकुश शर्मा, प्रेमसागर, विशाल गोयल हरबंस सिंह , अशोक खेतरपाल, गुरदयाल सिंह, अमित खेतरपाल,कल्याण सिंह, राजेश गोयल, संजय गर्ग,सुनील गोयल, मोहित सिंगला, बलबीर सिंह, आशीष गोयल, आशीष चौधरी, वैंकी प्रधान, सहित बहुत से गणमान्य लोग साथ रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय पंजाबी कॉन्फ्रेंस विश्व शांतिः हास्य-व्यंग्य विधा का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**

**रतिया-** इंटरनेशनल पंजाबी सुर-संगम फ्रांस एवं लोक चेतना मंच (रजि.)रतिया (भारत) और पंजाबी हास्य -व्यंग अकादमी (रजि.) पंजाब द्वारा संझुक्त तौर पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कंन्फ्रेंस का आयोजन  विश्व शांतिः हास्य -व्यंग रौला-रप्पा विषय पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन ऑनलाइन जूम के माध्यम से ऑनलाइन किया। जिसकी अध्यक्षता आई पी एस फ्रांस की प्रधान शायरा कुलवंत कौर चन्न ने की  इस अंतराष्ट्रीय कांफ्रेस के मुख्य अतिथि पंजाबी हास्य -व्यंग अकादमी (रजि.) पंजाब के प्रधान श्री के.एल. गर्ग थे, जबकि कांफ्रेस का संचालन प्रोग्राम के कन्वीनर विद्वान आलोचक डॉ. नैब सिंह मंडेर ने विद्वता से किया । कॉमेडी अकादमी के इंटरनेशनल प्रतिनिधि मंगत कुलजिंद वशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए । लोक चेतना



मंच हरियाणा (रतिया) के मंडेर कॉम्प्लेक्स साहित्य चेतना लाइब्रेरी में दीप प्रज्ज्वलित करने की रस्म चेयरमैन डॉ. नैब सिंह मंडेर,प्रधान कैप्टन गुरमुख सिंह भुल्लर,महासचिव कृष्ण सिंह चित्कार,कोषाध्यक्ष हैप्पी सिंह सेठी, माता बलदेव कौर, बेअंत कौर मंडेर, नीरज कुमार और नीलम रानी ने की। हास्य-व्यंग के गद्य और पद्य रूपों के महत्व को लोगों के जीवन में लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में, अध्यक्ष शायरा कुलवंत कौर चन्न ने सांस्कृतिक गीत तरन्नम में प्रस्तुत करते हुए विरसे दीयां मिठियां यादां, आज कलमां मुंहों बोलदीयां  के माध्यम से विदेशों में रहने वाले पंजाबी प्रेमियों को अपनी संस्कृति से परिचित कराया।

हास्य के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए, व्यंग्यकार मंगत कुलजिंद ने अपने गद्य व्यंग्य चंचल उर्फ चतरो के माध्यम से मानव मन के नकारात्मक पहलुओं को गहराई से छुआ।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं  रामानंद  पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वादों को किया पूरा: सुमन सैनी

**बैठक**

**पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)** : हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वादों को पूरा कर दिया है। यही नहीं 120 वादों पर काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश भी दिए।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बहनों बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 22 हजार से अधिक बहन-बेटियों को 634 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला उद्यमिता मंच की शुरूआत की। यह मंच हमारी उन बहनों के लिए एक वरदान साबित होगा, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। यह मंच महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की संख्या 61 प्रतिशत करने में कारगर सिद्ध होगा। साथ ही, महिला उद्यमियों के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने के वायदे को पूरा किया है। इसके तहत प्रदेश के लगभग 14 लाख 38 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 223 करोड़ 31 लाख रुपये की राशि डाली जा चुकी है। 14 शहरों में 15 हजार 765 गरीब परिवारों प्लॉट दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में 12 हजार 31 प्लॉट दिए हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल, जिला सचिव नरेंद्र सिंघल,नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा जालखेड़ी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सतबीर मंगोली, नरेंद्र सिंघल, पूनम सैनी, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# गौवंश तस्करी के मामले में तीन आरोपी काबू

**सफलता**

**जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम को गौ तस्करी के मामले में महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम को गौ तस्करी के मामले में महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। सीआईए.1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए गोवंश को काटकर उसका मांस बेचने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आजम पुत्र हनीफ निवासी बड़ी माजरा, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), नवाब पुत्र अकबर निवासी साहसपुर जाट, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), शहजाद पुत्र अकबर निवासी साहसपुर जाट, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। इनमें नवाब और शहजाद आपस में सगे भाई हैं।

इस संबंध में इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इंद्री क्षेत्र की नहर की पटरी पर गोवंश को काटकर उसका मांस ले जाकर बेचने का काम करते थे तथा पहचान छुपाने के लिए सिर को नहर में फेंक देते थे। पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपियों को नुक्कड़ क्षेत्र से काबू किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को करनाल लाया गया, जहां पूछताछ के दौरान उन्होंने गौ तस्करी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम 2015 व बीएनएस के तहत थाना इंद्री में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में आज विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न होगा सहस्त्र चंडी महायज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)** : लाडवा के माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में सातवें नवरात्रि पर सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 31 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया गया।

मंदिर समिति के प्रधान नरेश गर्ग ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा, भजन-कीर्तन और हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सातवें नवरात्रि पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती कृष्णा फाउंडेशन के चेयरमैन विजेन्द्र गोयल, यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगध्यान, जय ज्वाला जी सेवा मंडल के प्रधान अंकित गर्ग, लाडवा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अशोक खुराना, मंदिर कमेटी के संरक्षक सतप्रकाश शर्मा व हरबिलास गर्ग ने हवन में आहुतियां अर्पित की। उन्होंने बताया गुरुवार दोपहर 12 बजे मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। वहीं मंदिर के पुजारी नरेश नौटियाल ने बताया कि इस दिन मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व होता है।

उन्होंने कहा कि मां कालरात्रि अपने भक्तों के सभी भय, कष्ट और नकारात्मक शक्तियों का नाश करती हैं। उन्होंने बताया कि सातवें नवरात्रि पर विधि-विधान से की गई पूजा से साधक को विशेष सिद्धि और शक्ति की प्राप्ति होती है तथा जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मां की आराधना करें, जिससे उन्हें मां की असीम कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शस्त्र चंडी यज्ञ अत्यंत शक्तिशाली और कल्याणकारी यज्ञ है, जो नकारात्मक शक्तियों का नाश कर वातावरण को शुद्ध करता है तथा समाज में शांति, समृद्धि और सुरक्षा का संचार करता है।

# बिजली तार चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम ने खेतों से बिजली की तार चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीआईए-3 इंचार्ज निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में मुख्य सिपाही जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने मामले में संलिप्त आरोपी राकेश पुत्र रूलदा राम तथा विक्रम पुत्र करेशन, निवासी भूकापुरी, करनाल को काबू किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 9800 रुपए की नकदी भी बरामद की गई है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि गांव मोर माजरा के खेतों से सितंबर 2025 में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिजली की तार चोरी कर वारदात को अंजाम दिया गया था।

# सुमन सैनी ने छठे नवरात्र पर किए माता बाला सुंदरी के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)** : हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा पहुंचकर माता बाला सुंदरी मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। उन्होंने लाडवा वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मंदिर समिति की तरफ से उपाध्यक्षा सुमन सैनी को माता बाला सुंदरी का चित्र सम्मान स्वरूप भेंट किया। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने माता बाला सुंदरी के चरणों में लाडवा वासियों के सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।



उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि नवरात्र हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक हैं। माता बाला सुंदरी में श्रद्धालुओं की असीम आस्था है और नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं, जिन्हें माता पूर्ण करती हैं। उन्होंने माता से प्रार्थना की कि लाडवा खुशहाल रहे और निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो।

इस मौके पर नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, पूनम सैनी, परमजीत कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### दुर्गा अष्टमी पर कल शहर भर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी

**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
चैत्र नवरात्र पर भक्ति अपने चरम पर पहुंच गई है। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ विविध रूपों की पूजा की जाती है। इसी कड़ी में चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन बुधवार को मां के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जा रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन कालरात्रि के रूप की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का साया नहीं सताता है। चैत्र नवरात्रि का आज सातवां दिन है जो माता कालरात्रि को समर्पित है। नवरात्रों पर वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर जय माता दी बोल साँचे दरबार की जय के जयकारों से गूंज रहे हैं। मंदिर कमेटी के प्रवक्ता कृष्ण कुमार लखेरा ने बताया कि कल दुर्गा अष्टमी पर विशाल शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर रेवाड़ी शहर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ? दुर्गा मन्दिर से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होते हुए निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मां भगवती कन्या रूप में विशाल रथ पर बैठकर झांकी स्वरूप में निकलेगी इसके अलावा अखंड ज्योत एक विशाल जोत माता जी के आगे आगे चलेगी हनुमानजी भी साथ-साथ चलेंगे। रेवाड़ी के ऐतिहासिक बारा हजारी चौक स्थित सिद्धपीठ प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्रि के उपलक्ष में दुर्गा मंदिर को लाइट और झूमर लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मां की प्रतिमा का भी प्रतिदिन श्रृंगार किया जाता है। मंदिर के पुजारी अयोध्या प्रसाद शास्त्री, पंडित राधेश्याम शास्त्री तथा महिला मंडल से संतोष देवी तथा सेवादार खेमचंद अरोड़ा ने बताया कि सनातन धर्म में नवरात्रों का विशेष महत्व होता है। नवरात्र पर प्रतिदिन नौ दिनों तक मां के विविध स्वरूपों की उपासना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि आज सप्तमी है मंदिरों में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की आराधना की जाती है।

### फ्लेक्सिबिलिटी से नई शुरूआत तक: पाठशाला 3.0 बदल रही है भाटी माइंस और नोएडा की ज़िंदगियां

**नई दिल्ली ।** जब ज़िंदगी ने किरण को सबसे बड़ा दुख दिया, तो वह बिना सहारे, बिना आय और भविष्य की चिंता के साथ अकेली रह गईं। भाटी माइंस की पुनर्वास कॉलोनी में रहने वाली किरण पर अचानक पति के निधन के बाद अपने दो बच्चों और बुजुर्ग सास-ससुर की ज़िम्मेदारी आ गई। लिटरेसी इंडिया की पहल पाठशाला 3.0 के तहत सिलाई का प्रशिक्षण लेकर उन्होंने धीरे-धीरे अपनी ज़िंदगी फिर से संभालनी शुरू की। जो शुरूआत एक हुनर सीखने से हुई, वही आज उनकी आमदनी का जरिया बन गई है। अब किरण अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा रही हैं और परिवार की मदद भी कर रही हैं। वह आज आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बन चुकी हैं। पिछले एक साल में पाठशाला 3.0 ने भाटी माइंस (दिल्ली) और शाहपुर (नोएडा) में 1,300 से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाई है। इस पहल के जरिए शिक्षा, डिजिटल लर्निंग और रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है। सिर्फ भाटी माइंस में ही 600 से ज्यादा लोगों ने रेमेडियल एजुकेशन, स्मार्ट क्लास और सिलाई, ब्यूटी एंड वेलनेस और बेसिक आईटी जैसे कोर्स से फायदा उठाया है, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार की दिशा में बढ़ने में मदद मिल रही है। इस पहल के बारे में लिटरेसी इंडिया की संस्थापक कैप्टन इंद्राणी सिंह ने कहा, एनसीआर के कई इलाकों में लोगों की रोजमर्रा की ज़िंदगी रोजगार कमाने के आसपास ही घूमती है, जहाँ तुरंत की जरूरतें सबसे पहले आती हैं। ऐसे में शिक्षा और कौशल सिर्फ एक सुविधा नहीं, बल्कि स्थिर और बेहतर जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। पाठशाला 3.0 के जरिए हम इस कमी को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि लोग सीखकर आगे बढ़ सकें और अपने लिए बेहतर भविष्य बना सकें। यह कार्यक्रम बच्चों के व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव ला रहा है। सुप्रिया, जो पहले गुस्सैल स्वभाव की थी और पढ़ाई में ध्यान नहीं देती थी, अब एक्टिविटी-आधारित पढ़ाई और मार्गदर्शन से बदल चुकी है।

# यमुनानगर-जगाधरी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार के अनुसार, शहरी क्षेत्र में गधौली गांव और सरकारी स्कूल के पास दो अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। इन अवैध निमार्णों की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। उपायुक्त प्रीति के निदेर्शों पर हुई इस कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट डॉ. शरद तंवर और राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम मौजूद रही। अभियान के तहत अवैध कॉलोनियों में बनाई गई कच्ची सड़कों, डिमार्केशन ब्लॉक्स और डीपीसी को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित लोगों को पहले ही अर्बन एरिया एक्ट 1975 के तहत नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नियमों की अनदेखी जारी रहने पर प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा।

जिला नगर योजनाकार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें, अन्यथा नुकसान के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एचपीवी टीकाकरण सरकारी संस्था में बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध

**टीकाकरण**

**आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों पर एनीमिया जांच के लिए करेंगे समन्वय स्थापित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)** : एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण के लाभ को देखते हुए इसको ज्यादा से ज्यादा अमल में लाने के लिए जागरूकता फैलाएं। एचपीवी के लिए बाजार में प्राइवेट प्रैक्टिशनर के द्वारा यह टीकाकरण 2500 रुपए में किया जा रहा है, जबकि सरकारी संस्था में यह बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों पर एनीमिया जांच और आयरन सप्लीमेंटेशन को नियमित करने के लिए समन्वय स्थापित करेंगे।

एसडीएम अनुभव मेहता एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान और एचपीवी वैक्सीन को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, फूड सप्लाई विभाग व कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की एनीमिया मुक्त हरियाणा पहल को और प्रभावी बनाना तथा किशोरियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को तेज गति से लागू करना था। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए लक्षित किशोरियों की सूची तैयार करना और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए शिविरों का आयोजन के लिए शिक्षा विभाग से तालमेल कर अग्रिम कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए नियमित जांच, आयरन की गोलियां, पौष्टिक आहार और जागरूकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागों को अनुरोध किया कि लक्षित समूहों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए और अभियान को मिशन मोड में चलाया जाए। एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में डॉ. सोनिया व डॉ. वनिता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा 14 वर्ष की आयु वाली किशोरियों (जिन्होंने 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की) को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है।

यह वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाडवा से राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 पर किए जाने के बाद जिले में भी इस दिशा में तेजी से कार्यवाही की जा रही है।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सैनी, संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लाडवा राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी लाडवा उषा कंबोज, विनय गांधी, डॉ. विनीत, डॉ. सोनिया व जसमेर कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने अवैध निर्माण पर रोक के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 25 मार्च-मैनपाल**
उपायुक्त सतपाल शर्मा ने आज जिला सचिवालय के सभागार में अवैध अतिक्रमण और अनाधिकृत कालोनियों को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होने कहा कि जिला में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान जारी रखा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अवैध अतिक्रमण हटने के बाद पुनः अतिक्रमण न हो।




उन्होंने लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें), नगर निगम पंचकूला और नगर परिषद कालका द्वारा पेरिफेरी नियंत्रण अधिनियम एवं पंजाब अनुसूचित सड़कें और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम 1963 के तहत अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़के) के कार्यकारी अभियंताओं को नियंत्रित क्षेत्रों के बाहर शैड्यूल रोडस के साथ-साथ 30 मीटर के प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाही कर रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला नगर योजनाकार श्रीमती बबीता गुप्ता ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक की अवधि के दौरान 3 डेमोलेशन ड्राईव सफलतापूर्वक चलाए गए। इन अभियानों के दौरान 9 अवैध कालोनियों में रोड नेटवर्क और डीपीसी को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा 4 अवैध निर्माण और 4 अवैध अनधिकृत कालोनियों की पहचान की गई और उन्हें उपयुक्त प्रावधानों के तहत नोटिसिस जारी किए गए। इसके अलावा इसी अवधी के दौरान पुलिस विभाग को 3 शिकायतें एफआईआर दर्ज करने के लिए भेजी गई।

इस अवसर पर एसडीएम पंचकूला श्री चंद्रकांत कटारिया, एटीपी नगर योजनाकार कार्यालय से अशोक कुमार, एटीपी एमसी पंचकूला दीपक, उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता ललित अत्री, तहसीलदार पंचकूला सुरेश कुमार, तहसीलदार कालका विवेक गोयल, नायब तहसीलदार पंचकूला हरदेव सिंह, नायब तहसीलदार बरवाला संजीव अत्री के अलावा पीडब्लयूडी, एनएचएआई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामनवमी के उपलक्ष में आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)**
जय भारत कला मंच, लाडवा के प्रधान रॉकी शर्मा ने कहा कि आज लाडवा में कला मंच की ओर से श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।



प्रधान रॉकी शर्मा ने कहा कि शोभा यात्रा दोपहर 2 बजे बड़े हनुमान मंदिर से शुरू होकर खेड़ा मंदिर, संगम मार्किट, इंद्री चौक होते हुए शिवाला रामकुण्डी पहुंचेगी। इसके बाद शाम 5 बजे भजन संध्या, 7 बजे 108 महा आरती तथा रात्रि 8 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार शोभा यात्रा में डीजे के स्थान पर शंख, मृदंग एवं भजनों के माध्यम से धार्मिक वातावरण रखा जाएगा। साथ ही नवदुर्गा की पालकियां, राम लला की झांकी एवं महर्षि वाल्मीकि द्वारा रामायण लेखन की प्रस्तुति भी शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि भजन सन्ध्या आर्ट्स ऑफ लिविंग श्री श्री रविशंकर जी की टीम करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, प्रथम नवरात्रि से लगातार प्रभातफेरी जारी है , जो राम नवमी तक प्रतिदिन निकाली जा रही है।

## संपादकीय

# प्राकृतिक संसाधनः सृष्टि की साझा धरोहर

**पृथ्वी** पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन जल, वायु, वन, खनिज, मिट्टी, जीवझ्रजंतु और ऊर्जा स्त्रोत मानवता की निजी संपत्ति न होकर संपूर्ण सृष्टि की साझा धरोहर हैं। यह विचार केवल नैतिक आग्रह नहीं है, बल्कि पृथ्वी के भूगर्भीय इतिहास, जैविक विकास और आधुनिक वैज्ञानिक समझ का गहन निष्कर्ष है। विज्ञान स्पष्ट करता है कि जिन ऊर्जा स्त्रोतों पर आधुनिक सभ्यता आधारित है, वे मानव जीवन की समय-सीमा में पुनः निर्मित नहीं हो सकते। पेट्रोलियम को बनने में पांच से 30 करोड़ वर्ष, कोयले को तीन से 40 करोड़ वर्ष और प्राकृतिक गैस को करोड़ों वर्षों का समय लगता है। पृथ्वी की विशाल प्रयोगशाला ने जिन्हें युगों में निर्मित किया, उन्हें मनुष्य यदि कुछ वर्षों के युद्ध, संघर्ष या लालच में नष्ट कर दे, तो यह न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से मूर्खता है बल्कि नैतिक रूप से भी गंभीर अन्याय है। भारतीय चिंतन इस सत्य को प्राचीन काल से ही स्वीकार करता आया है। अथर्ववेद में कहा गया है माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। अर्थात पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि पृथ्वी के उपहार किसी एक समाज, राष्ट्र या पीढ़ी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समस्त जीव जगत के लिए समान रूप से हैं। उपनिषद का वाक्य ईशावास्यमिदं सर्वं इसी भावना को और व्यापक बनाता है। यह सम्पूर्ण जगत किसी का निजी स्वामित्व नहीं, बल्कि साझा अस्तित्व है। आधुनिक भाषा में इसे वैश्विक साझा संसाधन कहा जा सकता है, जहाँ संसाधन किसी के स्वामित्व में नहीं बल्कि सबके उपयोग के लिए होते हैं। इसी आधार पर प्राकृतिक संसाधनों पर एकाधिकार का विचार मूलतः अमानवीय है। मनुष्य अधिकतम स्वयं को इन संसाधनों का संरक्षक और न्यासी कह सकता है। उसके पास उपयोग का अधिकार है, स्वामित्व का नहीं। एक न्यासी संसाधनों का संरक्षण करता है, उनका विनाश नहीं करता। वर्तमान विश्व व्यवस्था ने इस मूलभूत सत्य को पीछे छोड़ दिया है। देखा यह जा रहा है कि जो संसाधन मानवता की सामूहिक धरोहर थे, वे अब संपत्ति, राजनीतिक शक्ति, भू रणनीतिक हथियार और औद्योगिक लाभ के साधन बन गए हैं। पश्चिम एशिया में तेल कुओं पर हमले, रूस यूक्रेन संघर्ष में गैस पाइपलाइन का टूटना या अफ्रीका में खनिज क्षेत्रों को लेकर गृहयुद्ध, ये सभी घटनाएँ केवल स्थानीय नहीं बल्कि वैश्विक प्रभाव डालती हैं। तेल महंगा होता है, परिवहन लागत बढ़ती है, बिजली दरें ऊँची होती हैं और खाद्य संकट गहराता है। अंततः सबसे अधिक पीड़ा उस सामान्य जन को झेलनी पड़ती है जिसने न युद्ध किया और न संसाधनों का दुरुपयोग किया। यह वैश्विक अन्याय का विकृत स्वरूप है। प्राकृतिक संसाधनों की हानि केवल आर्थिक संकट तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन को भी प्रभावित करती है। एक जंगल के कटने से वर्षा चक्र, मिट्टी की उर्वरता, जल संचयन और वन्य जीवन सब प्रभावित होते हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# ईरान का अपराधः संप्रभुता का साहस और अमेरिकी हेजमनी को चुनौती



प्रसांत वीर सिंह

> "गैस संकट से उपजी स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ बेईमान तत्व सिलेंडरों को काला बाजार में बेच रहे हैं, जिससे आम आदमी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में अब तक 3500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं और करीब 1400 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने 2000 से ज्यादा पेट्रोल पंप और एलपीजी एजेंसियों पर अचानक जांच भी की है, ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे"

**ईरान-अमेरिका** संघर्ष का वास्तविक कारण क्या है, यह समझने के लिए सीधे कहानी पर जाने की बजाय अंतरराष्ट्रीय संबंधों से संबंधित हेजमनी अर्थात वर्चस्व अथवा सरल शब्दों में दादागिरी के कॉन्सेप्ट को समझना होगा। विशेषकर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों के संदर्भ में, अमेरिकन हेजमनी को पैक्स अमेरिकाना संबोधित किया जाता है, जो वास्तव में इस विचार पर आधारित है कि अमेरिका अपनी आर्थिक, सैनिक और संस्थागत शक्तियों के बल पर विश्व को अपनी शर्तों पर चलने के लिए विवश करता है या दूसरे शब्दों में कहें तो अपनी शक्ति के बल पर अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक व्यवस्था को नियंत्रित करता है; और फिर वह अपने इस आक्रामक वर्चस्ववादी सोच को वैश्विक शांति और उदार लोकतंत्र का आदर्शवादी मुखौटा लगाकर दुनिया के सामने रखता ताकि वह स्वयं को इस प्रकार दिखा सके कि वैश्विक शांति स्थापित करना अमेरिका की जिम्मेदारी है, अन्यथा विश्व व्यवस्था असंतुलित हो जाएगा, वैश्विक हितों का नुकसान होगा।

इसके विरोध में जब कोई देश इस व्यवस्था से टकराता है तो, या तो वहाँ की सरकार बदल दी जाती है अर्थात येन केन प्रकारेण रिजीम चेंज कर दिया जाता है (एक सामान्य उदाहरण के तौर पर इसे हम नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में क्रांति के कारण हुए सत्ता परिवर्तन से समझ सकते हैं), या फिर उस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए जाते हैं, और वास्तव में थोड़ी गहराई से देखा जाए तो ईरान के साथ ये दोनों ही हुए हैं। जबकि मुख्यधारा की मीडिया ईरान के परमाणु कार्यक्रम, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और शिया इस्लाम के विस्तार को वर्तमान संघर्ष का कारण बताती है, जो केवल अमेरिका प्रायोजित एक सतही और सुविधाजनक मुखौटा है। इसका सबसे बड़ा साक्ष्य पूर्व सीआईए निदेशक की वह स्वीकारोक्ति है, जिसमें वे कहते हैं कि ह्लमुद्दा कभी परमाणु हथियारों का नहीं था, मुद्दा सदैव यह था कि फारस की खाड़ी को नियंत्रित कौन करता है ह्व असल में जब हम ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, अंतरराष्ट्रीय संबंध के सिद्धांतों, ऊर्जा अर्थव्यवस्था सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बहुआयामी दृष्टिकोण से इस मुद्दे को समझते हैं, तब स्पष्ट तौर पर यह परिलक्षित होता है कि यदि आप रूस, चीन इत्यादि देशों जैसे आर्थिक और तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं, तो आपको सुचारू रूप से कार्य करने के लिए अपनी संप्रभुता वाशिंगटन डीसी के पास गिरवी रखनी पड़ेगी अन्यथा इराक और ईरान जैसे देश आपके सामने हैं।

ईरान के प्रति पश्चिमी देशों के रवैये को समझने के लिए हमें वर्ष 1951 में जाना होगा। जब ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसाद्देक द्वारा, ईरान का तेल, ईरान का हक, तर्क के साथ उस एंग्लो-ईरानी तेल कंपनी का राष्ट्रीयकरण करके, ईरानी तेल पर ईरान का हक स्थापित कर दिया गया, जिसके सबसे बड़े शेयर धारक ब्रिटिश थे, यह पश्चिमी हेजमनी के लिए पहला बड़ा झटका था। इससे क्रुद्ध होकर संयुक्त रूप से, यूनाइटेड किंगडम की खुफिया एजेंसी एमआई सिक्स और अमेरिकन खुफिया एजेंसी सीआईए ने ऑपरेशन एजेक्स के अंतर्गत वर्ष 1953 में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई मोहम्मद मोसाद्देक सरकार का तख्तापलट कर दिया और ईरान के शाह मोहम्मद रजा पहलवी को ब्रिटिश एवं अमेरिकी हितों (मुख्यतः तेल अर्थव्यवस्था) के अनुरूप गद्दी पर बैठाया। यह आधुनिक इतिहास में रिजीम चेंज का पहला संगठित उदाहरण था, जिससे ईरान का लोकतांत्रिक प्रयोग समाप्त हो गया और शाह (राजा) की तानाशाही पुनः स्थापित हो गई। इधर ईरानी शाह भी अपनी गुप्त पुलिस सावक के अत्याचारों के बल पर, जिसने हजारों राष्ट्रवादी ईरानियों को अपना शिकार बनाया, लगभग अगले ढाई दशक तक ईरान में अमेरिका के पुलिसमैन बने रहे। इस दौरान ईरान की अर्थव्यवस्था डिपेंडेंसी थ्योरी का सटीक उदाहरण बनी, जहाँ ईरान एक पेरिफेरल स्टेट था, जो अपने संसाधनों को कोर स्टेट्स (पश्चिमी देशों) को सस्ते में दे रहा था और बदले में उनके महंगे हथियार और पश्चिमी विचारधारा का आयात कर रहा था। मोसाद्देक सरकार का तख्तापलट और ईरान का पेरिफेरल स्टेट बनना, वह टर्निंग प्वाइंट था, जिसने ईरानी समाज में अमेरिका के प्रति गहरी नफरत पैदा कर की। अब वक्त वर्ष 1979 का आता है, जब अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में, बढ़ते सामाजिक-आर्थिक असंतोष, पश्चिमीकरण और शाह के तानाशाही शासन के विरोधस्वरुप धार्मिक राष्ट्रवाद से प्रेरित इस्लामी क्रांति द्वारा, जिसने शाह मोहम्मद रजा पहलवी की पश्चिमी समर्थक राजशाही को समाप्त कर दिया, इस असंतोष को मूर्त रूप दिया गया और ईरानी जनता के जनमत संग्रह के समर्थन से अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में ईरान को एक शिया इस्लामी गणतंत्र घोषित कर दिया गया, जो खुले तौर पर अमेरिका विरोधी विचारधारा पर आधारित था। यह केवल एक सत्ता परिवर्तन नहीं था बल्कि पश्चिमी आधुनिकता और आर्थिक शोषण के विरुद्ध एक सभ्यतागत विद्रोह के साथ-साथ पैक्स अमेरिकाना को पहला चुनौती भी था, क्योंकि इस्लामी क्रांति के साथ सर्वोच्च नेता बनते ही खुमैनी ने पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका के प्रति अधीनस्थता की नीति को नष्ट करते हुए, अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ पेट्रो-डॉलर प्रणाली के आर्थिक ढांचे को खारिज कर दिया, जो वैश्विक तेल व्यापार हेतु अमेरिकी डॉलर पर निर्भर था, और अन्य मुद्राओं में व्यापार शुरू करके सीधे तौर पर डॉलर की वैश्विक मांग और अमेरिकी आर्थिक वर्चस्व पर प्रहार किया। परिणामतः खुमैनी के इस राष्ट्रवादी कदम ने ईरान और अमेरिका के मध्य अगले कई दशकों तक चलने वाली तनाव की नींव रखी।

इसी बीच दूसरी ओर, पड़ोसी मुल्क इराक (तत्कालीन सद्दाम हुसैन) ईरान में हुए शिया इस्लामी क्रांति से भयभीत हो गया कि कहीं यह विचारधारा इराक के बहुसंख्यक शिया आबादी को आंदोलित करके उसके सुन्नी-नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर न कर दे। अंततः सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में इराक ने ईरान के शिया प्रभाव को रोकने (शत्त अल-अरब जलमार्ग पर पूर्ण नियंत्रण और ईरान के तेल-समृद्ध खुजेस्तान प्रांत को हथियाने) के लिए वर्ष 1980 में युद्ध (वर्ष 1980 से वर्ष 1988 तक) शुरू कर दिया, जिससे दोनों देशों के बीच स्थायी दुश्मनी पैदा हो गई। ईरान-इराक युद्ध के दौरान, अमेरिका ने अपने रणनीतिक हितों के लिए इराक को हथियार और खुफिया जानकारी दी ताकि ईरान को कमजोर किया जा सके, जिसमें सद्दाम हुसैन को रासायनिक हथियारों के उपयोग में अप्रत्यक्ष मदद भी शामिल थी। हालाँकि बाद में, अमेरिका ने वैश्विक शांति और उदार लोकतंत्र का अपना आदर्शवादी मुखौटा बचाए रखने के लिए, जनसंहार के हथियारों के उपयोग का आरोप लगाकर इराक पर आक्रमण किया और अंततः सद्दाम हुसैन को भी निपटा दिया।

वर्तमान में जब ईरान-अमेरिका का भयावह संघर्ष जारी है, तब हमें बताया जा रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाकर दुनिया को नष्ट कर देगा। लेकिन क्या आँकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं? वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के बाद, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कम से कम 10 से अधिक बार पुष्टि की, कि ईरान समझौते की हर शर्त का पालन कर रहा है।

साथ ही साथ ईरान परमाणु अप्रसार संधि का हस्ताक्षरकर्ता भी है और नियमित निरीक्षण भी कराता है। जबकि इसके विपरीत इजरायल, जिसके पास अनुमानतः 80 से 400 परमाणु हथियार हैं, ने न तो परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किया है और न ही वह किसी अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण की अनुमति देता है। फिर भी, प्रतिबंध केवल ईरान पर हैं। वहीं दूसरी ओर अन्य एशियाई देशों ने भी परमाणु परीक्षण किया है, लेकिन रणनीतिक स्वायत्तता के चलते आज वे वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा हैं। जबकि ईरान अमेरिका के निशाने पर है, क्योंकि ईरान का कसूर परमाणु तकनीक नहीं, बल्कि उसकी वह राजनीतिक विचारधारा है, जो मध्य-पूर्व में अमेरिकी हितों के आड़े आती है। इसके साथ-साथ कई बार अमेरिका ने ईरान पर ऐसे आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं, जो कभी किसी अन्य देश पर नहीं लगे। हाल ही में अमेरिका ने अधिकतम दबाव अभियान के तहत ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों एवं उनकी कंपनियों को भी निशाना बनाया, जिसमें भारत और चीन सहित कई बड़े देश भी शामिल हैं। विशेष रूप से, अमेरिका ने स्वीफ्ट बैंकिंग सिस्टम से ईरान को बाहर कर दिया, जिससे ईरान का अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगभग ठप हो गया। हालाँकि, तब भी ईरान के तेल निर्यात पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकी।

कुल मिलाकर, उक्त घटनाक्रम बताते हैं कि शक्तिशाली के सामने निर्दोष होना भी अपराध होता है। अंततः ईरान का अपराध न तो परमाणु कार्यक्रम है,
न ही आतंकवाद और न ही शिया विस्तार, बल्कि ईरान का अपराध यह है कि उसने अमेरिकी हेजमनी को चुनौती दी, उसने कहा हमारा तेल, हमारी मुद्रा, हमारा निर्णय, जिसके लिए ईरान को पिछले साढ़े चार दशक से दंडित किया जा रहा है।

# चंडीगढ़ः नाम बड़े दर्शन छोटे

**निर्मल रानी**

**भारत** में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे ह्लसिटी ब्यूटीफुलह्व कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गयी तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की जरूरत महसूस हुई।उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णतः नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिजाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है। लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गये इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधुनिक इमारतें हैं। यहाँ कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहाँ विद्युत ,जल निकासी,नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहाँ स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह ह्लपेंशनर्स पैराडाइजह्व भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था । आवासीय क्षेत्र, बाजार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है। परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे सिटी ब्यूटीफुल के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है।

मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहाँ के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों से गुजरें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है।

## विचार

# 25 दिन, 200 अरब डॉलर, हजारों मौतें और खाड़ी देशों का पानी खतरे में

**ओंकारेश्वर पांडेय**

युद्ध छेड़ने के 25 दिन के भीतर अमेरिका अब ईरान के साथ बातचीत पर आ गया है। पाकिस्तान उस बातचीत की मेजबानी करने का दावा कर रहा है। युद्ध का एक महीना भी नहीं गुजरा और बातचीत की बात करना दुनिया के तमाम शांति पसंद मुल्कों के लिए सुखद संकेत होता। मगर ईरान की ओर से मिल रहे संकेत तत्काल युद्ध समाप्त होने के संकेत नहीं देते और बातचीत की इच्छा जताना अपने आप में दशार्ता है कि अमेरिका इस युद्ध में थक गया है या वह उपलब्धियां हासिल नहीं कर पाया, जिसके लिए युद्ध में उतरा। अगर बातचीत ही करनी थी, तो पिछली बातचीत के बीच हमले का कोई औचित्य नहीं था।

बात रणनीति की है,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान मीडिया में छाया है कि इस युद्ध के लिए उनके रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने कहा था- लेट्स डू इट। पिछले ही हफ्ते अमेरिकी नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने इस युद्ध के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए इस्तीफा दे दिया था और अब ट्रंप का पांच दिवसीय युद्ध विराम और शांति समझौते की बात करना कई सवाल खड़े करता है।

अमेरिका ने ईरान पर हमले और युद्ध विराम के संदर्भ में जो भी कहा हो, पर उससे इतर ईरान ने इस बार युद्ध को अपनी सभ्यतागत अस्तित्व और साख की लड़ाई मान ली है,इसलिए युद्ध समाप्त होने में समय लगेगा।

और जब भी युद्ध समाप्त होगा, तो ईरान, इजराइल और अमेरिका को निश्चय ही इस युद्ध में हुए ध्वंस का पुनर्निर्माण करने में दशकों लगेंगे। पर जो नैतिकता और साख का ढांचा टूट गया है, उसको बनाने में सदियां लगेंगी। सत्य कहां है? तथ्य कहां है? सबूत कहां है? झूठ सागर में डूबता जा रहा। यह सेंचुरियन ब्लंडर है। सदी की भूल। यह सदी की त्रासदी है और सदी का सबक भी। अब सागर के भीतर से नयी विश्व-व्यवस्था की सुनामी उठ रही है। दुनिया अब उस मोड़ पर है, जहाँ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं, और ईरानी सैन्य कमांडर उन्हें उन्हीं की भाषा में 'यू आर फायर्ड' कह रहे हैं। जब अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के सभी ऊर्जा ढांचों को नेस्तनाबूद कर देगा, तो ईरान ने जवाब दिया कि ठीक है, वह तब तक के लिए हार्मूज की खाड़ी को बंद करके रखेगा, जब तक कि उन ढांचों का पुनर्निर्माण न हो जाय। बस इसी बयान ने ट्रंप को बैकफुट पर ला दिया और वे शांति वार्ता की बात करने लगे।

अगर बारीकी से देखें तो यह सिर्फ युद्ध नहीं, यह रणनीति का अंतिम संस्कार है, जहाँ दोनों पक्ष पानी, बिजली और स्कूलों को निशाना बना रहे हैं, और विश्व समुदाय इस आत्मघाती नाटक के सबसे कड़वे फल भोग रहा है। इंटरनेशनल रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट है कि अब तक ईरान की 82 हजार से ज्यादा इमारतों को नुकसान पहुंचा है। नुकसान इजराइल में भी काफी हो रहा है।

अनेक विश्लेषक इस युद्ध को 'बहुध्रुवीय व्यवस्था' के नजरिए से देख रहे हैं, लेकिन वे उस मूल सत्य को नजरअंदाज कर रहे हैं जो अब हर गली, हर ड्रोन हमले, और हर अल्टीमेटम में झलक रहा है। यह युद्ध कोई रणनीति नहीं, बल्कि एक बड़े घोटाले को छुपाने का सस्ता नाटक है।

पेंटागन ने स्वीकार किया है कि ईरान पर हमले के पहले सप्ताह में ही अमेरिका ने लगभग 110 अरब डॉलर खर्च कर दिए। 24 मार्च 2026 तक यह आंकड़ा 200 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। पेंटागन ने कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त धनराशि की मांग की है । विशेषज्ञों का अनुमान है कि युद्ध की दैनिक लागत 1 से 2 अरब डॉलर के बीच है । यह रकम एक नए 'फोर्ड-क्लास' विमानवाहक पोत से भी अधिक है। डेमोक्रेटिक सांसदों का कहना है कि असली आंकड़ा 500 अरब डॉलर के पार जा सकता है। 25 दिन बीत चुके हैं।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम खत्म नहीं हुआ, बल्कि नतंज सुविधा पर दोबारा हमला हुआ,ईरान ने दीमोना (इजराइल का परमाणु ढांचा) पर मिसाइल दागी।

अब अमेरिका को अपने ही सहयोगी देशों (यूएई, सऊदी अरब) की जलापूर्ति और बिजली घरों की सुरक्षा की चिंता सता रही है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# गैस संकट से निपटने के हों ठोस उपाय

**रोहित माहेश्वरी**

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव का असर अब भारत की गैस सप्लाई पर भी दिखने लगा है। गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। चुनौती और संकट बड़ा है। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है। गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। लेकिन जमीनी हालात देखें तो ऐसा आभास होता है कि सरकार जो बता रही है, वो आधा सच है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। दिलचस्मप बात यह है कि मोदी सरकार एक तरफ तो किसी तरह का संकट होने की बात से ही इनकार कर रही है, वहीं दूसरी ओर वे यह भी कह रहे हैं कि, "जिस तरह भारत से कोरोना महामारी के चलते पैदा हुए संकट से उबरा था, उसी तरह एलपीजी के संकट से भी उबर जाएगा।" सवाल है कि जब आप संकट मान ही नहीं रहे हैं तो फिर किस संकट से उबरने की बात कर रहे हैं? सवाल यह भी है कि अगर सब कुछ ठीक है, गैस सिलेंडरों की कमी नहीं है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सुचारू रूप से काम कर रही है तो सुप्रीम कोर्ट की कैंटीन में मेन कोर्स का खाना बनना क्यों बंद हो गया? अयोध्या में चलने वाली राम रसोई क्यों बंद हुई, जहां 25 हजार तीर्थयात्री प्रतिदिन निशुल्क भोजन करते हैं? स्वयं मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के अन्नपूर्णा मंदिर में 35 साल से तीर्थयात्रियों के लिए चल रही रसोई क्यों बंद है? भारतीय रेलवे अपनी कैटरिंग सर्विस क्यों सीमित करने की तैयारी कर रहा है?

# स्मार्ट-मौनऔर सन्नाटे का कोटा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**महुआ टोला** गांव में जब 'झपटल बाबू' ने प्रधानी का पर्चा भरा, तो उन्होंने शोर-शराबे वाली राजनीति को ही अपना निशाना बना लिया। उनका नया चुनावी मुद्दा था- 'डिजिटल मौन और ध्वनि-मुक्ति अभियान'। झपटल बाबू का तर्क था कि गांव की सारी समस्याओं की जड़ सड़क या पानी नहीं, बल्कि 'अनावश्यक बोलना' है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे पूरे गांव में 'शांति-सेंसर' लगवाएंगे और जो व्यक्ति दिन भर में सबसे कम शब्द बोलेगा, उसे 'मौन-रत्न' की उपाधि के साथ मुफ्त राशन मिलेगा। उनका दावा था कि गांव वालों की बातों से जो ऊर्जा बर्बाद होती है, उसे वे एक 'साउंड-कैप्चर' मशीन से इकट्ठा करेंगे और उससे गांव की स्ट्रीट लाइटें जलेंगी। गांव के लोग, जो अब तक चौपाल पर बैठकर दिन भर लफ्फाजी करते थे, अचानक इस 'खामोश क्रांति' के पीछे ऐसे दीवाने हुए कि उन्हें अपनी जबान ही बोझ लगने लगी।

प्रचार के अंतिम सप्ताह में झपटल बाबू ने गांव के बरगद के पेड़ पर एक पुराना और खराब हो चुका माइक्रोवेव टांग दिया और उसे 'ब्रह्मांडीय ध्वनि अवशोषक' घोषित कर दिया। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि यह मशीन केवल उन्हीं की दुआएं सुनेगी जो झपटल बाबू को वोट देने का संकल्प 'मन ही मन' लेंगे। विपक्षी उम्मीदवार 'गपोड़ी लाल' चिल्ला-चिल्लाकर विकास के वादे कर रहे थे, लेकिन झपटल बाबू ने उन्हें 'ध्वनि प्रदूषक' करार देकर जनता की नजरों में गिरा दिया। गांव में एक अजीब सा सन्नाटा पसर गया; लोग इशारों में बात करने लगे और घरों में रेडियो तक बजना बंद हो गया। झपटल बाबू ने एक रजिस्टर बनवाया जिसमें 'मौन-अनुयायियों' के नाम लिखे गए, और जनता को लगा कि बस, अब बिना कुछ बोले ही स्वर्ग का रास्ता खुल जाएगा और गांव 'साइलेंट स्मार्ट विलेज' बन जाएगा। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और झपटल बाबू की ऐतिहासिक जीत हुई, पूरा गांव अपना 'मौन-पुरस्कार' और शांति का लाभ लेने उनके दरवाजे पर जमा हुआ। लोग चुपचाप खड़े थे, उम्मीद में कि अब कोई बड़ा चमत्कार होगा।

## न्यूज फ्लैश

### किसान नेताओं पर मुकदमों और गिरफ्तारी नोटिस का विरोध, किसान सभा ने सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

**नरवाना 25 मार्च राहुल**
अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा राज्य कमेटी ने दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों में किसान नेताओं को गिरफ्तारी नोटिस जारी किए जाने की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे किसानों के साथ विश्वासघात बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। बयान जारी करते हुए किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए थे। आंदोलन के निलंबन के समय केंद्र और हरियाणा सरकार ने लिखित रूप से आश्वासन दिया था कि आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमों को वापस लिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अब चार साल बाद उन्हीं मामलों को दोबारा खोलकर किसान नेताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं, जो सरकार की वादाखिलाफी को दर्शाता है।
किसान सभा के अनुसार, हाल ही में मंत्री रणबीर गंगवा के आवास के बाहर हुए प्रदर्शन से जुड़े मामले में तहसील अध्यक्ष संदीप धीरनावास, किसान नेता अनिल गोरछी, मनजीत, अमित बिश्नोई , बिसला, सतीश लौरा, राजेश भाकर, अमित सहित दर्जनों किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किए जाने की बात सामने आई है। संगठन का आरोप है कि सरकार और प्रशासन अदालत की कार्यवाही का हवाला देकर किसानों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहे हैं। किसान नेताओं को डराकर भविष्य में होने वाले आंदोलनों को कमजोर करने की रणनीति अपनाई जा रही है। अखिल भारतीय किसान सभा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार अपने वादे के अनुसार सभी मुकदमों को तुरंत खारिज नहीं करती, तो किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड ने जाटल पॉलिटेक्निक को दिए प्रयोगशाला के लिए 28.46 लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 25 मार्च (बिजेंद्र सिंह)।** एमके राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, जाटल (पानीपत) में बुधवार को रसायन अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थियों के लिए 37 नवीन प्रयोगशाला उपकरणों के औपचारिक हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। ये उपकरण इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल), द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए। समारोह के दौरान आईएसआरपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी सैम येन तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख मुकेश शर्मा ने संस्थान को ये अत्याधुनिक उपकरण औपचारिक रूप से सौंपे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी व्यावहारिक दक्षता और तकनीकी ज्ञान को सुदृढ़ करना है। आइएसआरपीएल के मानव संसाधन विभाग प्रमुख मुकेश शर्मा ने बताया कि इंडियन सिंथेटिक रबर प्लांट की ओर से 28 लाख 46 हजार रुपये के उपकरण जाटल पॉलिटेक्निक कॉलेज को प्रदान किए गए हैं ताकि विद्यार्थी प्रयोगशाला में अपने वैज्ञानिक प्रयोग सुदृढ़ तरीके से कर सकें। उन्होंने कहा कि प्लांट की ओर से गढ़ी सिकंदरपुर और जीतगढ़ में भी 6.13 लाख के अनुदान से 99 साइकिल विद्यार्थियों को प्रदान की गई है ताकि वे स्कूल में अच्छी तरह से आवागमन कर सकें। इसके साथ-साथ कक्षाओं में 9 लाख के फर्नीचर इत्यादि भी उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रधानाचार्य राजीव नरवाल ने इंडियन सिंथेटिक रबर प्लांट के सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक एचआर सुमेश रजक, प्रशासकीय प्रबंधक प्रभाकर सिंह और प्रशासकीय विभाग से पवन कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रसायन अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष जसबीर सिंह, वीरेन्द्र यादव, विकास विलवस, पंकज कुमार, नवनीत कौर सहित विभागाध्यक्ष सतविंद्र सिंह, पुनीत गर्ग, प्रवीण कम्बोज, देवेन्द्र सैनी और गुलशन आर्य भी उपस्थित रहे।

# हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भाग लेती हैं: मुख्यमंत्री सैनी

**मुलाकात**

**मुख्यमंत्री ने 81 किमी की ऐतिहासिक ट्रैकिंग पूरी करने वाली बेटियों से की मुलाकात**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला 25 मार्च मैनपाल :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज 4 दिनों में 81 किलोमीटर कालका सिंहवाला तक की चुनौतीपूर्ण ट्रैकिंग पूरी करने वाली बेटियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस साहसिक उपलब्धि के लिए बेटियों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भाग लेती हैं चाहे वह खेल का मैदान हो प्रशासनिक सेवाएं हों या फिर पर्यावरण संरक्षण की बात क्यों ना हो हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में नाम रोशन करती हैं । हरियाणा सरकार भी युवाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार बेहतर अनुभव और अवसर उपलब्ध कराने के लिए नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कर रही है। ताकि युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपनी बहुमुखी प्रतिभा और रिकॉर्ड बनाने की परंपरा के लिए जाना जाता है । और आज बेटियों ने 4 दिनों में 81 किलोमीटर की ट्रैकिंग पूरी कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सभी बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं । इस अवसर पर युवा कल्याण संयोजक ने बताया कि यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस साहसिक कैंप में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की 6 छात्राओं डॉ शिवानी, डॉ् वैशाली, डॉ रमन, डॉ् अल्का, डॉ हिमानी, डॉ् खुशबू, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से काजल हिमांशी दीक्षा, सीनी ,वंशिका, मुन्नी, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई, से अंतिम प्रिया तमन्ना अवी कोमल एमएसएम आयुर्वेद कॉलेज से सोनाली ने 81 किलोमिटर के चुनौतिपूर्ण और रोमांचकारी ट्रेकिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफलतापूर्वक पूर्ण किया । कुल 18 बेटियों ने इस ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा किया। ये बेटियों कालका से सिंहवाला तक 81 किलोमीटर की ट्रैकिंग पूरी करने वाली हरियाणा की पहली बेटियॉ हैं, जिससे प्रदेश का मान बढ़ा है।

### हकेवि के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम में विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए प्रो. पवन कुमार शर्मा ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।
विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी तथा विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रो. हरीश ने बताया कि सायंकालीन सत्र में रस्साकशी और स्टैंडिंग लॉन्ग जंप प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों और दर्शकों का विशेष उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन का समन्वयन डॉ. दीपेंद्र बावरी ने किया गया। आयोजन में शोधार्थी यजत रोहिल्ला, मोहित कुमार एवं पवन का सहयोग प्राप्त हुआ।
प्रतियोगिता के दौरान प्रो. राजेश गुप्ता, प्रो. गुंजन गोयल, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. अजाज अंसारी एवं डॉ. संदीप ढुल सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के परिणामों में क्रिकेट एवं वॉलीबॉल में प्रो. हरीश कुमार की टीम विजेता रही

### सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़** । सड़क हादसे में बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बता दे कि यह हादसा 24 मार्च की रात को हुआ, जब एक खच्चर को बचाने के प्रयास में दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।
गांव बसई निवासी सुनील ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 24 मार्च की रात लगभग आठ बजे उनके पिता सुभाष चंद सुंदर के खेत से अपने गांव बसई लौट रहे थे।
सुनील भी दूसरी बाइक से उनके पीछे आ रहे थे।

## सूर्य नमस्कार में रिकार्ड बनाने वाले संदीप आर्य को किया सम्मानित

**सम्मानित**

**आर्य समाज सेक्टर 12 हुडा के प्रधान आर्य सुरेश मलिक ने किया संदीप आर्य को सम्मानित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 25 मार्च।** युवा नशे से दूर रहकर अपने माता-पिता, समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करें। यदि युवा योग एवं खेलों में हिस्सा लेंगे तो वह पढ़ाई में भी अग्रणी रहेंगे। इसलिए हमें अपने बच्चों को खेलों एवं योग में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। ये विचार लगातार 37 घंटे में 20,000 सूर्य नमस्कार करने का छठी बार विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप आर्य ने बुधवार को सेक्टर 12 आर्य समाज हुडा मंदिर में योगा सैंटर में योग साधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।
आर्य समाज हुडा में पहुंचने पर संदीप आर्य का आर्य समाज हुडा के प्रधान एवं जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक व अन्य गणमान्य लोगों ने स्वागत किया और संदीप आर्य को सम्मानित किया गया। सुरेश आर्य प्रधान ने कहा कि यह हमारे लिये गर्व की बात है कि 6 बार रिकार्ड बनाने वाला संदीप आर्य आज यहां पर आये है।
संदीप आर्य के अनुभव, अनुशासन और योग के प्रति समपर्ण ने हम सभी के मन में नई ऊर्जा और साकारात्मक सोच का संचार किया है। सुरेश आर्य ने योगा केंद्र में पहुंचने पर सभी योग साधकों का भी आभार जताया।

### न्यूट्रिका ने पीनट बटर रेंज लॉन्च कर अपने वेलनेस पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**नई दिल्ली:** बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका ने पीनट बटर कैटेगरी में कदम रखते हुए न्यूट्रिका पीनट बटर लॉन्च किया है। यह भारत में तेजी से बढ़ते वेलनेस-फर्स्ट एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक है। यह रेंज ब्रांड के वेलनेस पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने की दिशा में अगला कदम है, जिसमें स्वाद, क्वालिटी और उपयोगिता का संतुलन रखते हुए रोजमर्रा की सेहत को ध्यान में रखा गया है। न्यूट्रिका पीनट बटर अब दिल्ली, मुंबई, पुणे और चंडीगढ़ समेत 14 शहरों में जनरल ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध है। यह नई पीनट बटर रेंज दो वैरिएंट्स- क्रंची और क्रीमी में उपलब्ध है। यह रोजमर्रा की फिटनेस के लिए एक हेल्दी स्नैकिंग विकल्प देती है, जिससे पोषण आसान और स्वादिष्ट बनता है। फिटनेस सिर्फ जिम या किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक रोज की आदत है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पूरा परिवार अपना सकता है। आम स्प्रेड की जगह पीनट बटर अपनाना एक छोटा और आसान बदलाव है, जो घर के सभी लोगों को एक बेहतर विकल्प देता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाता है। दोनों वैरिएंट्स प्रोटीन से भरपूर हैं, फाइबर से समृद्ध हैं, 100% शाकाहारी सामग्री से बने हैं।

## हरियाणा में अवैध खनन, वन लूट और नशे का फैलता जाल, सरकार नाकाम: सुरजेवाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 25 मार्च राहुल**
कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध खनन, वन संपदा की लूट और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथित संरक्षण में खनन माफिया और नशा तस्कर बेखौफ होकर काम कर रहे हैं, जिससे हरियाणा का भविष्य खतरे में पड़ गया है।
बुधवार को नरवाना स्थित अपने



आवास पर पहुंचे विधायक ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में ह्लभाजपाई साठगांठह्व के चलते अवैध खनन का धंधा चरम पर है और नदियां, पहाड़ तथा वन क्षेत्र सुरक्षित नहीं बचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यमुना नदी के पोबारी घाट, जठलाना, गुमथला, सढ़ौरा और व्यासपुर सहित कई क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध खनन जारी है। वहीं घग्गर नदी में भी खुलेआम रेत-बालू का खनन हो रहा है।
सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विधायकों की खरीद-फरोख्त में व्यस्त है, जबकि उनके गृह क्षेत्र यमुनानगर और अंबाला में अवैध खनन बेधड़क चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अरावली क्षेत्र से लेकर खेतों और सड़कों तक प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है। वन क्षेत्रों को लेकर भी उन्होंने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार पंचकूला से यमुनानगर और कलेसर तक वन तस्करों द्वारा खैर के पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है और इस पर रोक लगाने में सरकार पूरी तरह विफल है।
नशे के मुद्दे पर बोलते हुए सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में ह्लनशे की महामारीह्व फैल चुकी है। उन्होंने दावा किया कि 62 प्रतिशत ग्रामीण और 38 प्रतिशत शहरी क्षेत्र इसके प्रभाव में हैं, जबकि सबसे ज्यादा युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 19 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 46 प्रतिशत युवा नशे की गिरफ्त में हैं।

## इसराना में श्री शिवमहापुराण कथा के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 25 मार्च।** एक घड़ी आधी घड़ी आधी घड़ी पुनियाद अर्थात हमें जीवन में से हर रोज थोड़े में से थोड़ा बिल्कुल थोड़ा समय निकाल कर भगवान के नाम का सुमिरन करना चाहिए और उसके नाम की चर्चा करनी चाहिए। ये उदगार गोपाल कृष्ण सेवा ट्रस्ट द्वारा इसराना की पुरानी अनाज मंडी में श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पहले बुधवार को निकाली कलश यात्रा के दौरान संबोधित करते हुए श्री गोपाल कृष्ण महाराज ने व्यक्त किये।
उन्होंने कहा कि आप हर रोज अपने जीवन के समय में से कुछ मात्र मिनट, घंटे निकाल कर नाम जाप करें। उन्होंने बताया कि श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन एक अप्रैल तक चलेगा और दो अप्रैल को समापन पर भंडारा लगाया जाएगा। इस अवसर पर संदीप जोगी को मुख्य यजमान बनाया व कलशयात्रा के आगे आगे श्री शिव महापुराण कथा ग्रंथ को सिर पर रख नंगे पांव चले। इस अवसर पर कथावाचक गोपाल कृष्ण महाराज, श्याम तिवारी, समाजसेवी धर्मपाल जागलान, सुभाष गोयल, रामकुमार मोर, प्रदीप भौक्कर, संदीप अग्रवाल, अशोक गोयल, सुशीला, सुनील, सोनू, सन्तोष, सरोज, नीलम, रानी,सोना देवी, अपूर्वा देवी, कांता देवी, अंगूरी देवी, संतरों, अंजली, कृष्णा, सुदेश रानी व निर्मला समेत अन्य महिलाएं मौजूद रहे।

### एसडीएम कनिका गोयल ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़** । एसडीएम कनिका गोयल आईएएस ने कहा कि फसल की सरकारी खरीद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। एसडीएम ने सतनाली अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान कहा कि किसान बहुत ही मेहनत के साथ अन्न पैदा करता है। ऐसे में जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को अनाज मंडी में सरसों के उठान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सस्पेंड सरपंच के खिलाफ पंचों का अविश्वास प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के गांव रांवर में पंचायत स्तर पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सस्पेंडेड सरपंच के खिलाफ पंचों ने डीसी को अविश्वास प्रस्ताव सौंप दिया। गांव में विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि गांव की सफाई व्यवस्था भी बिगड़ चुकी है और लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
पंचायत सदस्य संदीप कुमार समेत 10 मेंबर डीसी कार्यालय पहुंचे और सरपंच नरेंद्र कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने बताया कि 2 अन्य पंच भी उनके समर्थन में हैं।



पंचों का कहना है कि पूरा कोरम चाहता है कि सस्पेंडेड सरपंच को हटाकर नया कार्यवाहक सरपंच नियुक्त किया जाए, ताकि पंचायत के कामकाज सुचारू रूप से चल सकें।
पंचों के अनुसार सरपंच नरेंद्र कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इस मामले में जिला उपायुक्त ने उन्हें रिकॉर्ड सहित कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए थे, लेकिन वह पेश नहीं हुए। इसके बाद सितंबर माह में डीसी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। साथ ही गांव के कार्यों को जारी रखने के लिए एक कार्यवाहक सरपंच भी नियुक्त किया गया था।
कुछ समय बाद नरेंद्र कुमार हाईकोर्ट से स्टे लेकर वापस आ गए। इसके चलते गांव में प्रशासनिक स्थिति उलझ गई और सरपंच को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई। पंचों का कहना है कि अब गांव में प्रभावी रूप से कोई सरपंच नहीं है, जिससे विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं।
पंचों ने बताया कि गांव की गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है और जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है, जिससे महामारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने डीसी से मांग की है कि सस्पेंडेड सरपंच को टर्मिनेट कर जल्द से जल्द नया कार्यवाहक सरपंच नियुक्त किया जाए, ताकि गांव की व्यवस्था सुधर सके।

## गैस आपूर्ति समस्या से निपटने को करनाल तैयार, बना ठोस एक्शन प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान को लेकर नगर निगम कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, जिला प्रशासन, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आई.जी.एल.) के अधिकारियों तथा शहर के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर एक व्यापक एवं दूरगामी रणनीति तैयार की, जिससे गैस संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की, जबकि नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम प्रदीप कुमार, अतिरिक्त



निगम आयुक्त अशोक कुमार, नगर निगम के पार्षद, आई.जी.एल. से एजीएम अशीष कुमार सहित पार्षदगण उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता के कारण आपूर्ति में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, जिसे दूर करने के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) एक प्रभावी एवं स्थायी विकल्प के रूप में सामने आया है। इसी दिशा में सभी ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि शहरभर में पीएनजी कनेक्शन को तेजी से बढ़ावा दिया जाएगा। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अधिकारियों ने सक्रियतापूर्वक भाग लेते हुए शहर में गैस की वर्तमान स्थिति, बढ़ती मांग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की।
इसके तहत वार्ड स्तर पर विशेष सर्वे अभियान चलाकर संभावित उपभोक्ताओं की पहचान की जाएगी। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप्स, सोशल मीडिया और अन्य जनसंचार माध्यमों के जरिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग पीएनजी कनेक्शन अपनाने के लिए प्रेरित हों।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का यह संयुक्त प्रयास केवल एक बैठक तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान गैस संकट को देखते हुए एक सुनियोजित और मजबूत कार्य योजना तैयार की गई है, जिससे आने वाले समय में शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मेयर ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल समस्या का तात्कालिक समाधान नहीं, बल्कि एक स्थायी व्यवस्था विकसित करना है। पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देकर हम न केवल गैस आपूर्ति को सुगम बना सकते हैं, बल्कि एक सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और सुविधा भी नागरिकों को प्रदान कर सकते हैं।

## सोफा वर्कशॉप के गोदाम में लगी आग, लाखों रुपये का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़** । शहर के वार्ड नंबर 13 के मोहल्ला महायचान में स्थित एक सोफा वर्कशॉप के गोदाम में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। गांव सिसोठ निवासी बृजेश ने बताया कि उनकी ऑटो मार्केट में 'श्री श्याम सोफा वर्क्स' के नाम से दुकान है। आग उनके मोहल्ला महायचान स्थित किराए के गोदाम में लगी थी। बृजेश के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब



12:30 बजे उन्हें फोन पर गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक गोदाम का अधिकांश सामान जल चुका था। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने लगभग 25 से 30 मिनट में आग पर नियंत्रण पा लिया। बृजेश ने बताया कि गनीमत रही कि गोदाम के पास बनी दुकान और घरों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, क्योंकि मजदूर अपने गांव गए हुए थे। दो दिन पहले ही फोम का एक बड़ा स्टॉक गोदाम में आया था। बृजेश के मुताबिक, इस आगजनी में उन्हें लगभग 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी प्रदीप ने बताया कि उन्हें दोपहर 12:30 बजे मोहल्ला महायचान में गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। उनकी टीम दो फायर ब्रिगेड गाड़ियों के साथ 12:46 बजे मौके पर पहुंची और लगभग 20 से 25 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

ACTION INDIA
करनाल, 26 मार्च 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### 590 करोड़ का बैंक घोटाला, सरकारी तंत्र की विफलता का आईना-सुधा भारद्वाज



**पंचकूला/मैनपाल**
590 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले को लेकर सियासत तेज हो गई है। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्षा सुधा भारद्वाज ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह घोटाला सरकारी तंत्र की नाकामी और व्याप्त भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता बिना प्रशासनिक मिलीभगत के संभव नहीं है। जब आम जनता छोटे-छोटे ऋण के लिए बैंकों के चक्कर काटती है, तब सैकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला हो जाना यह दर्शाता है कि व्यवस्था में गंभीर खामियां हैं, उन्होंने कहा। सुधा भारद्वाज ने सरकार से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आखिर किन लोगों की संरक्षण में यह घोटाला पनपा और अब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।
उन्होंने आगे कहा कि लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से जनता का बैंकिंग प्रणाली और सरकार दोनों पर विश्वास कमजोर हो रहा है। सरकार को जवाब देना होगा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उसके दावे आखिर कहां तक सही हैं,ह्व।

### जनगणना कार्यः पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर

**हांसी (दिनकर गावड़ी)ः** जिला प्रशासन द्वारा 27 मार्च 2026 को आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।




एसडीएम राजेश खोथ ने ये जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 27 मार्च को प्रातः 10:00 बजे विश्राम गृह में किया जाएगा।
संबंधित अधिकारियों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित व स्थाई समाधान प्रशासन की प्राथमिकताः एडीसी

### गांव दारेवाला में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन

**रात्रि ठहराव**

**रानियां के गांव दारेवाला की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार देर सायं खंड रानियां के गांव दारेवाला की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने गांव दारेवाला व आसपास के गांवों से आए आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, डीएसपी आदर्शदीप सिंह, डीडीपीओ बलजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. सुखविंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व अन्य अधिकारियों ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत दिन में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां आमजन को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।
अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और पात्र लाभार्थियों का मौके पर पंजीकरण भी किया गया।
अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि इस प्रकार के रात्रि ठहराव कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि ग्रामीण स्तर पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि समाज को नशे जैसी बुराई से मुक्त करना हम सभी की सांझी जिम्मेदारी है। युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान दें, ताकि एक स्वस्थ और मजबूत समाज का निर्माण हो सके। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बिजली निगम, क्रिड, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, जिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण, कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग, पराली प्रबंधन और अन्य कृषि तकनीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## जिले को हरा भरा बनाने के लिए रोपित होंगे 4.60 लाख पौधेः डीसी



**हांसी (दिनकर गावड़ी)ः**
जिले में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर पौधारोपण की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष जिले की तीन नर्सरियों में करीब 4 लाख 60 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी बरसाती मौसम में विभिन्न योजनाओं के तहत रोपित किया जाएगा।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने बुधवार को ये जानकारी देते हुए बताया कि जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों को 90 हजार पौधे निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा पौधगिरी योजना एवं फ्री प्लांट सप्लाई योजना के तहत स्कूलों, संस्थानों व आम नागरिकों को भी पौधे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आमजन को प्रत्येक आधार कार्ड पर 10 पौधे दिए जाएंगे, जिनमें फलदार, फूलदार, सजावटी और छायादार पौधे शामिल होंगे। नागरिक अपनी इच्छा अनुसार पौधों का चयन कर उन्हें रोपित कर सकते हैं, जिससे जिले में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा।
रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर रमेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राण वायु देवता योजना के तहत जिले में 75 वर्ष से अधिक आयु के 77 पेड़ों के संरक्षण हेतु प्रति पेड़ 3000 रुपये वार्षिक पेंशन दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत वन विभाग द्वारा ऐसे 6 और प्राचीन पेड़ों की पहचान की गई है, जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक होने की संभावना है। इनकी आयु का आकलन कमेटी द्वारा जल्द किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि नारनौंद क्षेत्र में एक खेत में लगभग 95 वर्ष पुराने जामुन के पेड़ तथा सालाडेरी गौशाला में करीब 95 वर्ष की आयु के एक केम की पहचान की गई है, जिन्हें योजना के तहत पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में पीपल, बरगद, जामुन जैसे वृक्ष प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## श्री घंटाकर्ण वार्षिक महोत्सव 30 मार्च को, सरकार्यवाह करेंगे शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उत्तर भारत में एकमात्र महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थ स्थान का वार्षिक स्थापना महोत्सव, श्री आत्म मनोहर जैन निरामयम केंद्र का उद्घाटन समारोह एवं श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल के द्वितीय तल का निर्माण शुभारंभ सोमवार 30 मार्च को इंद्री रोड़ स्थित आराधना जैन मंदिर में हर्षोल्लास एवं भक्ति पूर्ण वातावरण में आयोजित किया जा रहा है।
इस सुअवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना मंगल संबोधन देंगे। हरियाणा राज्यपाल प्रो. अशीम घोष की हाजिरी आकर्षक रूप होगी। विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय तथा प्रांतीय प्रमुख पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि इस सभी वर्गों की आस्था के केंद्र रूप इस धर्मस्थल के प्रति श्रद्धानत होने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। संगीत जगत के उभरते सितारे डा. सुमंगल अरोड़ा सुमधुर भक्ति गीतों से भक्ति की महफिल सजाएंगे।

## सामाजिक न्याय मंत्री ने परिवार सहित किए माता मनसा देवी के दर्शन

### हवन-यज्ञ में आहुति देकर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना



**पंचकूला, मैनपाल :** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज परिवार सहित चैत्र नवरात्र के सातवें दिन पंचकूला स्थित ऐतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर महामाई का आशीर्वाद लिया।
इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर उन्हें माता मनसा देवी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्होंने माता मनसा देवी के चरणों में नतमस्तक होकर देश और प्रदेश के लोगों के सुखमय एवं शांतिपूर्ण जीवन के लिए प्रार्थना की। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने मानव जीवन की सुरक्षा और विश्व में अमन-शांति बनाए रखने की भी कामना की।
कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के 2.85 करोड़ लोगों की सेवा करने की जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन कर सकें, इसके लिए भी उन्होंने मां से प्रार्थना की।
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं को लेकर माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड और जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने हेतु की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस अवसर पर माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की ओर से मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को माता मनसा देवी का चित्र सम्मान स्वरूप भेंट किया गया

# सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का धरना 48वें दिन भी जारी

**धरना**

**किसानों की यह लड़ाई पूरी तरह से न्यायसंगत और जनहित से जुड़ी हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चित कालीन धरना 48वें दिन में प्रवेश कर गया है। किसानों के हौसलों में दिनप्रतिदिन अपनी मांग को लेकर इजाफा हो रहा है। गौरतलब है कि गांव शेखपुरा-सोहाना के पास रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का लगातार धरना जारी है।
आंदोलन के दूसरे चरण में लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन इंद्री ब्लॉक के किसानों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज करते हुए आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। धरनास्थल पर पहुंचे इंद्री ब्लॉक के किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसान एकता जिंदाबाद और अपना हक लेकर रहेंगे जैसे नारे लगाकर पूरा धरना क्षेत्र गूंज उठा। किसानों के इस जोश और उत्साह ने स्पष्ट कर दिया कि अब यह आंदोलन केवल एक गांव या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे जिले का जनआंदोलन बनता जा रहा है। अध्यक्षता दिलावर सिंह डबकोली ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसानों की यह लड़ाई पूरी तरह से न्यायसंगत और जनहित से जुड़ी हुई है।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी, ढाबा-रेस्टोरेंट कारोबार संकट में



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण उनके कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है और कई जगह काम ठप होने की स्थिति बन गई है। समस्या के समाधान के लिए बुधवार को संचालक डीएफएससी कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर अपनी परेशानियां रखीं। ढाबा संचालक विपिन कुमार, रामेश्वर, विनोद कुमार, अमित कुमार व अन्य ने बताया कि एक दिन पहले वे विधायक जगमोहन आनंद से मिले थे। उन्होंने उनकी समस्या को सुनते हुए डीएफएससी के साथ बैठक तय करवाई थी। इसी के तहत बुधवार को यह मीटिंग हुई, जिसमें सभी संचालकों ने अपनी बात विस्तार से रखी और जल्द समाधान की मांग की। संचालकों ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से उनके सामने रोजमर्रा का काम चलाना मुश्किल हो गया है। कई ढाबों और रेस्टोरेंट्स में काम पूरी तरह ठप पडने की स्थिति बन चुकी है। ग्राहकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और समय रहते समाधान नहीं हुआ तो नुकसान और ज्यादा बढ़ेगा।
संचालकों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें डीजल और कोयले की भयिों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इससे खर्च बढ़ गया है और काम भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा।

## केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने जताया स्पीकर की माता के निधन पर शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज मधुबन के पास कल्याण फार्म पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की मां के निधन पर शोक जताते हुए कल्याण परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।
उन्होंने कहा कि लोकसभा सत्र के चलते और कैटरेक्ट (मोतियाबिंद) ऑपरेशन कराने की वजह से वे आ नहीं पाए थे। आज वे श्रीमती प्रेम कौर कल्याण के निधन पर शोक जताने और कल्याण परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए आए हैं।

# तीन अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**अवैध**

**विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा और कोहंड क्षेत्र में डीटीपी विभाग ने अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई जगहों पर तोडफोड़ की। प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निमार्णों को गिराया और कॉलोनियों में बनी कच्ची सडकों को भी उखाड़ दिया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। कार्रवाई की अगुवाई जिला नगर योजनाकार अधिकारी गुंजन वर्मा ने की। बुधवार को टीम सबसे पहले कोहंड क्षेत्र में जीटी रोड के पास शहीद गुलाब सिंह पेट्रोल पंप के पीछे पहुंची। यहां एक ब्लीच हाउस का अवैध निर्माण किया गया था, जिसे जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद टीम घरौंडा के पनौड़ी रोड पर पहुंची, जहां एक अवैध कॉलोनी में बने एक मकान को गिराया गया। साथ ही कॉलोनी की कच्ची सडकों को भी तोड़ा गया। इसके अलावा बसताड़ा रोड पर पनप रही दो अवैध कॉलोनियों पर भी कार्रवाई की गई। देखने में ये दोनों कॉलोनियां एक जैसी लगती हैं, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार अलग-अलग अवैध कॉलोनियां हैं। यहां भी मिट्टी से बनी सडकों को उखाड़ दिया गया।
डीटीपी अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई में कुल दो अवैध निर्माण और तीन कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया है।

### अन्तिम संस्कार में सैकड़ों लोगों ने की शिरकत, परिवार में मातम का आलमस, दीपक के परिजनों की मार्मिक अपील ने पैदा की एकता की अनूठी मिसाल

# स्पेन से गुहला के गावं रिवाड़ जंगीर पहुंचा दीपक का शव, करंट लगने से हुई थी मौत



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** करीब 10 महीने पहले रोटी रोजी के लिए स्पेन गए दीपक का शव करीब 23 दिन बाद उसके पैतृक गांव रिवाड़ जंगीर पहुंचा। मालूम रहे कि गुहला के गांव रिवाड़ जागीर के रहने वाले करीब 32 वर्षीय युवक दीपक स्पेन में मेहनत मजदूरी करता था और पिछले दिनों काम करते हुए करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब वह काम कर रहा था, तो उसी दौरान दीपक फोन पर अपने परिवार के पास वीडियो काल पर बात भी कर रहा था और इसी बीच उसे अचानक जोरदार करंट लगा और उसकी मौत हो गई। परिवार के सदस्य फोन पर उससे बात करने की कोशिश करते रहे परंतु उसकी मौत हो जाने के चलते दीपक की उसके परिजनों से चल रही बात तो बीच में ही कट गई परंतु फोन चालू रहा, जिसके चलते परिजनों ने बाद में काल को काटकर उस व्यक्ति को फोन किया, जिस व्यक्ति के पास वह ठहरा हुआ था और काम कर रहा था नतीजतन उसके बाद जब उस व्यक्ति ने मौके पर जाकर देखा, तो पाया कि दीपक मृत अवस्था में वहां पड़ा हुआ था। इस संबंध में उसने तुरंत परिजनों को बताया, तब कहीं जाकर परिजनों को दीपक की मौत की सूचना मिली और इसके साथ ही परिवार में कोहराम मच गया।

**जमीन गिरवी रखकर भेजा था स्पेनः** दीपक के भाई सोनू ने बताया कि उन्होंने करीब 21 लाख रुपए लगाकर उसे 10 महीने पहले स्पेन भेजा था, इसके लिए उन्होंने आधा एकड़ जमीन गिरवी रखी थी और कुछ पैसे अपने रिश्तेदारों से उधार लिए थे। परिवार को उम्मीद थी कि दीपक वहां जाकर खूब मेहनत मजदूरी करेगा और कुछ ही समय में परिवार की गरीबी दूर कर देगा, लेकिन दीपक की मौत के साथ ही उनकी उम्मीदों पर भी पानी फिर गया।

**शादीशुदा है दीपकः** भाई सोनू ने बताया कि दीपक की शादी हो चुकी है। उसके दो बेटे हैं। बड़ा लड़का 8 साल का और दूसरा लड़का 6 महीने का है। परिवार के पास अब आय का कोई साधन नहीं नहीं है। उनके माता-पिता मजदूरी करते हैं। दीपक ने सरकार से मांग की है कि उनकी आर्थिक मदद की जाए, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

**दीपक के परिजनों की मार्मिक अपील ने पैदा की एकता की अनूठी मिसालः** रिवाड़ जंगीर के लोगों ने एक गरीब दलित परिवार के बच्चे के शव को कोसों दूर स्पेन से वापिस उसके गांव में लाकर सामाजिक भाईचारे की एकता की ऐसी अनूठी मिसाल पेश की कि शायद दूर दराज के क्षेत्रों में लोग वर्षों तक इसकी चर्चा करते रहेंगे। इस सम्बन्ध में समाजसेवी व नम्बरदार राम मेहर काजल ने बताया कि दीपक का परिवार बेहद गरीब है और उसने सब कुछ दांव पर लगाकर अपने बेटे को स्पेन भेजा था और उम्मीद थी कि वह मेहनत मजदूरी करके जल्द ही न केवल कर्ज उतार देगा अलबत्ता अपने परिवार के लिए भी सुख व सुविधाएं जुटाने का काम भी करेगा। काजल ने बताया कि परंतु भगवान को शायद कुछ ओर ही मंजूर था और एक हादसे में दीपक की मौत हो गई और उसके साथ ही उसके परिवार के सपने भी मिट्टी में मिल गए।
काजल ने बताया कि दीपक की मौत के बाद जब उसके शव को गांव में लाने की बात शुरू हुई, तो परिजनों ने समूचे गांव के लोगों के सामने झोली पसारी और कहा कि हम अपने बच्चे को अपने बूते पर गांव में नहीं ला सकते परंतु यदि गांव व गवांड चाहे, तो गांव का बेटा, गांव में आ सकता है। काजल ने बताया कि परिवार की मार्मिक अपील के बाद यह सारा मामला गांव के मौजिज लोगों ने अपने हाथ में ले लिया और आज लगभग 12 लाख रुपए के खर्च के बाद न केवल दीपक का शव गांव में आया अलबत्ता 36 बिरादरी के लोगों ने दीपक का मान व सम्मान के साथ संस्कार भी किया।

**शोक की लहरः** दीपक की मौत की खबर से गांव रिवाड़ जंगीर सहित आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर व्याप्त है। दीपक के संस्कार पर सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और परिजनों को सांत्वना दी। लोगों ने मृतक दीपक के परिवार को हर प्रकार की संभव सहायता उपलब्ध करवाने के साथ साथ हरियाणा सरकार से मांग की है कि दीपक के परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए व उनकी आर्थिक मदद भी की जाए।

# बीएसटी कॉलोनी के क्वार्टर खाली करने के आदेश, अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप

**निर्देश**

कोर्ट ने कंपनी के क्वार्टरों पर कब्जा जमाए बैठे लोगों को मकान खाली करने के निर्देश दिए हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद गन्नौर स्थित भारत स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (बीएसटी) कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया है। कोर्ट ने कंपनी के क्वार्टरों पर कब्जा जमाए बैठे लोगों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन पूर्व श्रमिकों को उनका बकाया भुगतान मिल चुका है, उन्हें भी मकान खाली करना होगा। जानकारी के अनुसार भारत स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की इकाई वर्ष 1988 में बंद हो गई थी, जबकि 2003 में न्यायालय ने इसे परिसमापन में भेज दिया था। कंपनी पर बैंकों और कर्मचारियों का बकाया होने के चलते मामला अदालत में पहुंचा था। इस बीच निरीक्षण में सैकड़ों क्वार्टरों पर कब्जा मिला, जिनमें बड़ी संख्या में लोग बिना वैध अधिकार के रह रहे हैं। आधिकारिक लिक्विडेटर (ओएल) की ओर से मकान खाली कराने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। हाईकोर्ट दिल्ली द्वारा 13 मार्च को दिए आदेश के अनुसार भारत स्टील ट्यूब्स लिमिटेड पहले ही बंद (वाइंडिंग अप) हो चुकी है। इसके बावजूद कंपनी परिसर में बड़ी संख्या में लोग अवैध रूप से रह रहे थे। इस पर यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (यूवीएआरसीएल) और आधिकारिक लिक्विडेटर ने कोर्ट में याचिका दायर कर क्वार्टर खाली कराने की मांग की थी। कोर्ट में पेश रिपोर्ट के अनुसार, निरीक्षण के दौरान सैकड़ों क्वार्टरों पर अवैध कब्जा पाया गया। इनमें कई लोग ऐसे भी शामिल हैं जिन्हें पहले ही उनका बकाया भुगतान मिल चुका है, लेकिन उन्होंने अभी तक मकान खाली नहीं किया। वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जिनके भुगतान का मामला अभी लंबित है। f

# नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन गांव बाय की खुशी कश्यप का गन्नौर में भव्य स्वागत

**बधाई**

पूर्व चेयरमैन नगर पालिका ईश्वर कश्यप ने खुशी कश्यप को दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव बाय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशी कश्यप ने आंध्र प्रदेश में हुई 19 से 22 विजयवाड़ा जिले में बीमाराव में हुई अंडर-23 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गन्नौर रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया । खुशी कश्यप का बुधवार को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर परिजनों, खेल प्रेमियों ने उनका फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नोटों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। खुशी कश्यप के इस सफलता का श्रेय अपने पिता अमर सिंह और माता नोरनी हार को दिया। ग्रामीणों ने कहा कि खुशी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व चेयरमैन नगरपालिका ईश्वर कश्यप ने खुशी कश्यप के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगी।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात वाहन की टक्कर से धर्मकांटा के पास युवक की मौत, मामला दर्ज

**गन्नौर।** सनपेड़ा रोड पर हनुमान धर्मकांटा के समीप सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लाखन सिंह निवासी गांव गडाना, जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज शव का पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भेज दिया। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई जगत सिंह ने बताया कि उसका भाई लाखन सिंह एमबीएस कंपनी बड़ी में नौकरी करता था और रामनगर क्षेत्र में किराये के कमरे में रह रहा था। वह अपने पड़ोसी प्रमोद की मोटरसाइकिल लेकर किसी काम से गन्नौर की ओर आया था। इस दौरान वह अपना मोबाइल फोन कमरे पर ही छोड़ गया था। मंगलवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि सनपेड़ा रोड पर हनुमान धर्मकांटा के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर जब में मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसका भाई खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ा हुआ था और उसके पास ही मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर हादसे को अंजाम दिया है और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सोनीपत के शवगृह में भिजवा दिया।

### मोई माजरी में बाबा जिन्दा मेला 31 मार्च से, श्रद्धालुओं से आभूषण न पहनने की अपील

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित श्री श्री 108 मठ जिन्दा बाबा समाधि स्थल पर 31 मार्च व 1 अप्रैल को विशाल मेला लगेगा। मठ प्रबंधन समिति की ओर से मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मठाधीश महंत बाबा बालक नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के अवसर पर मुख्य मेला आयोजित होगा। बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। मेले के दौरान श्रद्धालु बाबा जिन्दा की समाधि पर मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। मेला परिसर में भंडारा, कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मठाधीश महंत बाबा बालक नाथ ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से मेले में आते समय सोने-चांदी के आभूषण पहनकर न आएं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### हमारे समाज की प्रदेश व केंद्र की सरकार बनाने में अहम भूमिका रहती है: बलवान

**पिंजौर पूनम देवी :** बुधवार को पिंजौर के भाजपा नेता बलवान सिंह ठाकुर ने बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश के गोंडा से भाजपा के एक प्रमुख और प्रभावशाली नेता (पूर्व सांसद) व कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के साथ सोनीपत एक कार्यक्रम में मुलाकात की और पिंजौर, कालका क्षेत्र में खेल स्टेडियम के लिए मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में युवाओं के अंदर अलग अलग खेलो में बहुत ज्यादा रुचि है



परंतु उन्हें उसे उभारने के लिए खेल संसाधनों के आभाव होने से मौका नही मिलता जिसमें खेल स्टेडियम मुख्य है, इसको मंजूर करवाया जाए। ठाकुर ने पूर्व सांसद से समाज को लेकर भी बात करते हुए कहा कि हमारे समाज की प्रदेश व केंद्र की सरकार बनाने में अहम भूमिका रहती है इसलिए समाज के युवाओं को छोटे चुनाव जहा से राजनीति की शुरूआत होती है जिसमें नगर परिषद पार्षद, पंच व सरपंच आदि के चुनावों में भागीदारी का मौका मिलना चाहिए। ठाकुर ने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पिंजौर आने का निमंत्रण भी दिया।

इस मौके पर का हल्का कालका से राजेश सुहाग और जसविंदर सिंह चौधरी व हर्ष सैनी आदि भी मौजूद रहे।

# निगमायुक्त ने बैठक कर जल्द सम्पत्ति कर जमा करवाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** वित्त वर्ष 2025-26 के मात्र छह दिन शेष रहते हैं और अब तक प्रॉपर्टी टैक्स करीब 29 करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं, परंतु सरकारी विभागों की तरफ अभी भी करोड़ों रुपयो में सम्पत्ति कर बकाया है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सरकारी विभागों की ओर से पेंडिंग टैक्स से नगर निगम का खजाना भरने को लेकर बुधवार को राज्य सरकार के 12 महकमो के प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम कार्यालय के सभागार में बैठक की, ताकि वह जल्द से जल्द सम्बंधित विभाग का सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में जमा करवा दें।



बैठक में निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इस मीटिंग से निजी जिम्मेदारी लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति कर जमा करवाने को लेकर नगर निगम द्वारा काफी बार सभी विभागों को पत्र भी जारी किए गए हैं, बावजूद इसके विभागो की ओर से उनकी तरफ बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया जाता है, तो दफ्तर पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगले वित्त वर्ष में ब्याज सहित सम्पत्ति कर भरना पड़ेगा। इसलिए बेहतर यह रहेगा कि वह 31 मार्च से पहले-पहले बकाया सम्पत्ति कर जमा करवा दें। इस पर सभी विभागों की ओर से निगमायुक्त को आश्वासन दिया गया कि वह जल्द से जल्द मुख्यालय से सम्पर्क करके बकाया सम्पत्ति कर जमा करवा देंगे।

12 विभागों की तरफ बकाया 107030237 रुपये सम्पत्ति कर : उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के 12 विभागों की तरफ 10 करोड़ 70 हजार 30 हजार 237 रुपये सम्पत्ति बकाया है। इनमें सिंचाई विभाग की तरफ 39198227 रुपये, एचएसएएमबी 19550264 रुपये, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर 8959078, वन विभाग 8199879 रुपये, जन स्वास्थ्य विभाग 8320120 रुपये, जिला कोर्ट 5758150 रुपये, स्पोर्टस विभाग 7753842 रुपये, बीएसएनएल 5348685 रुपये, जिला परिषद 2095372 रुपये, यूएचबीवीएन 708510 रुपये, एचएसवीपी 763213 रुपये तथा सीटीएम-डीसी ऑफिस-374889 रुपये हैं।

# कम भाव मिलने की चिंता छोड़ें किसान, 'भावांतर' करेगी घाटे की भरपाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
बागवानी किसानों की आय को सुरक्षित करने और उन्हें उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा भावांतर भरपाई योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा विभिन्न फसलों के लिए संरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है, ताकि बाजार में कम भाव मिलने की स्थिति में बागवानी किसानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। भावांतर भरपाई योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को अपनी फसलों का समय अनुरूप पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना आवश्यक है। योजना के तहत कुल 21 फसलों को शामिल किया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से आलू, फूलगोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन, भिंडी, मिर्च, घीया, करेला, बंदगोभी, मूली जैसी सब्जियां शामिल हैं। इसके अलावा फलों में किन्नू, अमरूद, आम, बेर और लीची जैसी फसलें भी योजना के दायरे में लाई गई हैं। मसाला फसलों में लहसुन और हल्दी को भी शामिल किया गया है। प्रति क्विंटल संरक्षित मूल्य तय किया गया है। उदाहरण के तौर पर आलू का 600 रुपये, फूलगोभी का 750 रुपये, मटर का 1100 रुपये तथा किन्नू का 1100 रुपये प्रति क्विंटल संरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है।

# बच्चों के अपहरण की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में असंध के गांव में एक निजी स्कूल के बाहर दो छात्राओं को कार में जबरदस्ती बैठाने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना 23 मार्च को दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच हुई, जब स्कूल की छुट्टी के बाद छात्राएं बाहर निकली थी। अचानक एक कार आकर रुकी और एक बच्ची को खींचने का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे आरोपी फरार हो गया।

महिला थाना असंध में दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी और भतीजी एक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती हैं। 23 मार्च को छुट्टी के बाद जैसे ही दोनों स्कूल से बाहर निकली, तभी एक मारुति फ्रोंक्स कार वहां आकर रुकी। कार सवार अज्ञात युवक ने भतीजी को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने की कोशिश की, लेकिन दोनों बच्चियों ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचा दिया।

बच्चियों के शोर सुनकर पास के श्मशान घाट से लोग दौडकर मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोप है कि भागते समय उसने सामने आने वाले लोगों को कार से टक्कर मारने की भी कोशिश की। यह पूरी घटना गांव के सरपंच द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना के बाद बच्चियां और परिवार के लोग काफी डरे हुए हैं।

# नशे पर अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से करें कार्य : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सभी विभाग आपसी तालमेल और तत्परता से कार्य करें। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय नार्को समन्वय (एनकॉर्ड) की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक से पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक में उपायुक्त ने ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को निर्देश दिए कि जिले की सभी केमिस्ट दुकानों की नियमित चेकिंग की जाए। साथ ही, दुकानों में लगे सीसीटीवी कमरों की फुटेज की भी जांच हो, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशे के खिलाफ सभी मिलकर काम करे और नशे को रोकने के लिए एक ठोस जिला स्तरीय रोडमैप तैयार करे।

बैठक में एसपी नरेंद्र बिजारणिया, डीडीए डा. पंकज सैनी, डीएसपी संदीप कुमार, डीएसडब्ल्यूओ अभितेन्द्र श्योकन्द, डीसीओ विकास राठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# घर के बाहर से युवती लापता, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**गन्नौर।** थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। परिजन राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सबसे छोटी बेटी याशु (उम्र करीब 20 वर्ष) 25 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे घर के सामने से अचानक लापता हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश की जा रही है।

# गोली चलाने व गाली गलौज करने के मामले में 2 नाबालिगों को लिया अभिरक्षा में

**काबू**

आरोपियों को गिरफ्तार करके वारदात में प्रयोग कार बरामद करने में सफलता हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 25 मार्च (विजय कौशिक) :** जिला पुलिस ने गाली-गलौज करने व गोली चलाने के मामले में 2 नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने गोली चलाने व गाली-गलौज करने के मामले में बुढा जिला कुरुक्षेत्र व लाडवा वासी नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार करके वारदात में प्रयोग कार बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में शिव मौहल्ला लाडवा वासी एक लडकी ने बताया की वह चार बहन और दो भाई है। दिनांक 18 मार्च 26 की शाम को वह अपने घर मौजूद थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी समय उनका पड़ोसी आदित्य राणा आया और उनको गलियां देने लगा और उसके भाई के साथ मारपीट करके चला गया। उसके बाद करीब 11-15 बजे दोबारा आदित्य राणा और तुषार पंडित




7/8 लडकों के साथ उनके घर पर आए और उसके भाई और मौसा के साथ मारपीट करके चले गये । वह अपने घर के दरवाजे बंद करके सो गये । रात के समय करीब 2 बजे आदित्य राणा और तुषार अन्य 7/8 लडकों के साथ कार में सवार होकर आये और उनके घर के बाहर फायरिंग की और जान से मारने के धमकी देकर मौके से चले गये। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा मे मामला दर्ज करके जांच की गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा को दी गई। दिनांक 24 मार्च 26 को अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा प्रभारी निरीक्षक विक्रांत सिंह के मार्गनिर्देश मे मामले की जांच करते हुए सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही महेश कुमार व सिपाही संदीप कुमार की टीम ने गाली-गलौज करने व गोली चलाने के मामले में बुढा जिला कुरुक्षेत्र व भरपुर लाडवा वासी नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

# जनसाधारण को मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कमेटी चौक पर हैल्प डेस्क लगाकर जनसाधारण को मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जानकारी दी।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि देवी मंदिर, कमेटी चौक पर नवरात्रि मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा व पैरा लिगल वालंटियर संदीप गोयल द्वारा हैल्प डेस्क लगाकर जन साधारण को उनके अधिकारों व मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई और बताया कि कोई भी महिला, बच्चा, कैदी, वरिष्ट नागरिक, अनुसूचित जाति, किन्नर, एचआईवी पीड़ित, आपदाग्रस्त, विकलांग, पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक और गरीब व्यक्ति जिसकी सलाना आय 3 लाख से कम है, मुफ्त कानूनी सेवाओं के हकदार है।

उन्होंने यह भी बताया कि वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत कोई भी सेना या अर्धसैनिक बलों के कर्मियों व उनके परिवार के लिए मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान है।

# गेहूं खरीद के प्रबंधों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर होगी कार्रवाई: नागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 25 मार्च (विजय कौशिक)** :हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि किसानों व आढ़तियों को लेकर हरियाणा सरकार पूरी तरह से गंभीर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों के लिए भी उचित व्यवस्थाएं मुहैया करवाने को कहा गया है। इन आदेशों में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर बुधवार को लाडवा की अनाज मंडी का निरीक्षण कर रहे थे। राज्यमंत्री राजेश नागर ने अनाज मंडी की गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही आढ़तियों व किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। राज्यमंत्री राजेश नागर को अनाज मंडी में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद आगामी 1 अप्रैल से आरंभ होगी। प्रदेश में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से करने के लिए 416 मंडियां व खरीद केंद्र खोले गए हैं। इन मंडियों व खरीद केंद्रों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन तथा खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद का कार्य किया जाएगा।

हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्नों की खरीद प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करने हेतु वर्तमान में कार्यरत ई-खरीद पोर्टल को अपग्रेड किया गया है जिसके अंतर्गत कई नए प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रबी खरीद सीजन 2026-27 के दौरान मंडियों व खरीद केंद्रों में किसान द्वारा बिक्री हेतु ले जाने वाली गेहूं में प्रयोग किये जाने वाले वाहन पर आवक गेट की रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ फोटो कैप्चर किया जाएगा। वाहनों के बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के आवक गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। राज्य मंत्री राजेश नागर ने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पिहोवा में धान के मामले की हेड ऑफिस में जांच की जा रही है, जांच में जो भी अधिकारी कसूरवार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त, डीएफएससी नरेश कुमार, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, इंस्पेक्टर अंकुर, मंडी प्रधान राजीव आर्य, प्रमोद धवन, रामधारी बूरा, दीपक सिंगला, अशोक गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अवैध माइनिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपालः** पंचकूला जिला की इंफोर्समेंट टीम ने अवैध माइनिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टिप्पर और एक जेसीबी मशीन को मौके से कब्जे में लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रात के समय लहरौंडी गांव के पास सरसा नदी में अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसएचओ ने बताया कि पंचकूला जिले में अवैध माइनिंग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है और इस तरह की गतिविधियों को किसी भी



सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध खनन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या प्रशासन को दें। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व डायरेक्टर हरियाणा राज्य प्रवतन ब्यूरो पंचकूला के निर्देश अनुसार प्रदेशभर में अवैध माइनिंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई के तहत साफ संदेश दिया गया है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी।

## न्यूज फ्लैश

### रात 10 बजे के बाद डीजे बजाया तो होगी सख्त कार्रवाईः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रात 10 बजे के बाद डीजे या तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय तथा प्रशासनिक नियमों के अनुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि प्रदूषण करने पर प्रतिबंध है। आदेश की अवहेलना करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर डीजे उपकरण भी जब्त किए जा सकते हैं।
उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी को त्योहारों, शादियों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान निर्धारित समय सीमा का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने आम नागरिकों, आयोजकों और डीजे संचालकों से अपील की कि वे नियमों का सम्मान करें और जिला प्रशासन का सहयोग करें। ध्वनि प्रदूषण से बुजुर्गों, बच्चों, विद्यार्थियों और मरीजों को परेशानी होती है, इसलिए यह कदम जनहित में उठाया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पुलिस विभाग को नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। यदि कहीं भी निर्धारित समय के बाद डीजे बजाया गया तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य जिला में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।
उपायुक्त ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। इसे नियंत्रित करने के लिए न्यायालय और सरकार द्वारा शोर की सीमा तय की गई है।
सामान्यतः: दिन के समय शोर की सीमा लगभग 55 डेसिबल निर्धारित की गई है। अत्यधिक शोर से अनिद्रा, तनाव, उच्च रक्तचाप और सुनने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यदि सभी नागरि सहयोग करें, तो हम एक शांत, स्वस्थ और संतुलित वातावरण का निर्माण कर सकते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ होगा।

### विधायक ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़** । बुधवार को महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों में बैठने की उचित व्यवस्था, पंखों की उपलब्धता तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनके साथ सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयप्रकाश भी मौजूद रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर व सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल में डिलीवरी से लेकर सर्जरी तक की सभी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ताकि मरीजों को बाहर न जाना पड़े।
विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा अधूरी पड़ी बिल्डिंग के लिए 32 करोड़ रुपये मंजूर किए जा चुके हैं और जल्द ही टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में अधिकांश स्टाफ उपलब्ध है और जिन विभागों में कमी है। उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और आमजन को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
इस मौके पर नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में बुजुर्ग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़** । शहर में एक सात वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने 70 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार किया है। शहर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी फकीरचंद किराना की एक दुकान चलाता है। पीड़िता बच्ची दुकान पर सामान लेने गई थी, जहां आरोपित ने उसके साथ गलत हरकत की। बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया और पीड़िता के बयान कोर्ट में भी दर्ज कराए।

# रात्रि ठहराव जनसंवाद में ग्रामीणों व जिला प्रशासन के बीच होता है अपनेपन का संचार : उपायुक्त

**जनसंवाद**

- उपायुक्त ने अधिकारियों सहित की ग्रामीणों की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई




**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से गत रात्रि पलवल जिला के खंड हथीन के गांव स्वामीका में आयोजित किए गए रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम में उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें और समस्याएं सुनते हुए 65 में से लगभग 40 शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया तथा शेष लंबित शिकायतों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा रात्रि ठहराव जनसंवाद में ग्रामीणों और जिला प्रशासन के बीच अपनेपन और आत्मीयता का संचार होता है, जिससे एक दूसरे पर विश्वास बढ़ता है। रात्रि ठहराव के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारी गांव की समस्याओं को नजदीक से और जमीनी स्तर पर समझते हैं और उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं। उपायुक्त ने बिजली विभाग के जेई को चार्जशीट करने के दिए निर्देश :
उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूर्ण गंभीरता के साथ ग्रामीणों की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित करवाया। उन्होंने नहरी पानी की चोरी से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को नहरी पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
उन्होंने मौके पर ही कार्य में कोताही बरतने पर बिजली विभाग के जेई को चार्जशीट करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने इस अवसर पर नहरी पानी चोरी सहित पेंशन, इंदिरा आवास योजना, राशन न मिलने, बिजली, पानी, अवैध कब्जा हटवाने, मकान की किश्त दिलवाने, खेत की पैमाईस, मकान पक्का करवाने, परिवार पहचान पत्र में संशोधन, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन सहित कुल 65 शिकायतें व समस्याएं रखीं। जिनमें से ज्यादातर शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

## घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' में अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलता है 25 हजार का इनाम- उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया की केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई राह वीर योजना के तहत किसी गंभीर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के भीतर) में अस्पताल अथवा ट्रामा सेंटर में पहुंचाकर घायल व्यक्ति की जान बचाने वाले मददगार व्यक्ति को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाता है। गंभीर दुर्घटनाओं में मेजर सर्जरी, कम से कम तीन दिन तक हॉस्पिटलाइजेशन, ब्रेन इंजरी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी आदि शामिल हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है।
उपायुक्त ने बताया कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 134-ए और भारत सरकार की 29 सितंबर 2020 की अधिसूचना के तहत राह-वीर को कानूनी संरक्षण भी मिलेगा। हर गंभीर सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले को 25 हजार रुपए इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि एक राह-वीर (नेक व्यक्ति) मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना के एक या एक से अधिक पीड़ितों की जान बचाता है, तो पुरस्कार की राशि मात्र 25,000 रुपए होगी। यदि एक से अधिक राह-वीर मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना के एक पीड़ित की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार की राशि अर्थात 25,000 रुपए की राशि उनके बीच समान रूप से विभाजित की जाएगी। यदि

## ईद के जश्न में हवाई फायर करने वाले युवक को हथियार सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली )** : नूंह जिले की अपराध शाखा फिरोजपुर पुलिस ने अवैध हथियार रखने और पूर्व में हवाई फायरिंग करने के मामलें में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नसीम पुत्र असरुद्दीन निवासी खटीक मोहल्ला वार्ड नंबर-14 फिरोजपुर झिरका के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा,एक खाली खोल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी को देर शाम गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ थाना शहर फिरोजपुर झिरका में मुकदमा दर्ज किया गया है।
फिरोजपुर झिरका के डीएसपी अजायब सिंह ने बताया कि निरीक्षक सुभाष प्रभारी अपराध शाखा फिरोजपुर झिरका के नेतृत्व में गठित एक टीम गश्त के दौरान तिजारा रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि नसीम नाम का युवक, जो पहले भी फायरिंग की घटना में शामिल रहा है, अवैध हथियार लेकर खेल स्टेडियम के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से एक देशी कट्टा बरामद हुआ, जिसमें एक खाली कारतूस भी मिला। आरोपी हथियार का कोई लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जांच में सामने आया कि आरोपी ने 21 मार्च को ईद के जश्न के दौरान हवाई फायर किया था, जिसमें एक बच्चा घायल हो गया था। बताया गया कि आपसी जान-पहचान के कारण उस समय किसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी । पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मामलें का संज्ञान लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और उसके खिलाफ गुरुग्राम जिले के भोंडसी थाने में भी विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है।

## कनीना में 10.67 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक बस स्टैंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा सरकार ने कनीना में 6-बेज के आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दी है। इस परियोजना पर कुल 10.67 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।
यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि कई दशकों से क्षेत्र के लोगों की मांग रही है। अब यह परियोजना सिरे चढ़ने जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## मां का हत्यारा बेटा गिरफ्तार, इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के पिनंगवा थाना क्षेत्र के गांव ख्वाजली कला में अपनी सतोली मां की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल करने और बाद में इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मारपीट और महिला की मौत की खबर पहले सामने आ चुकी थी, अब पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है।
फिरोजपुर झिरका से डीएसपी अजायब सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जमशेद पुत्र इब्राहीम निवासी ख्वाजली कला की गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ



थाना पिनंगवा में दर्ज एफआईआर दर्ज है, जो अब हत्या के मामले में परिवर्तित किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपनी सतोली मां के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान 28 फरवरी को जयपुर में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। डीएसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

# पलवल में 28 मार्च को होगा फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजनः उपायुक्त

**फिट इंडिया**

- फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न फन गतिविधियां करवाई जाएंगी आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

पलवल। जिला प्रशासन द्वारा जिला खेल विभाग के सहयोग से शनिवार 28 मार्च को सुबह 7 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक पलवल स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में फिट इंडिया कार्यक्रम को आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने फिट इंडिया कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया कार्यक्रम के लिए एडीसी डा. सुभिता ढाका को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।
उपायुक्त ने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत सूर्य नमस्कार, योग, जुम्बा, रस्साकशी, मटका रेस, मटका डांस, म्यूजिकल चेयर, खुला हूप्स, लेमन रेस, स्पून रेस, लांग जंप, हाई जंप सहित अनेक प्रकार की फन गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी रखने के निर्देश देते हुए विद्यार्थियों और युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें और इस प्रकार के फिट इंडिया कार्यक्रम में भाग लेकर अपने आप को फिट बनाएं। फिट इंडिया के तहत विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-सामान्य में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।
**ये रहे मौजूद :**बैठक में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, एडीसी डा. सुभिता ढाका, एसडीएम पलवल ज्योति, एसडीएम हथीन अप्रतिम सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएमसी मनीषा शर्मा, डीएसपी मनोज वर्मा, डीआरओ बलराज सिंह दांगी, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नूंह जिले में साइबर अपराध का डरः ऑनलाइन पेमेंट लेते ही दुकानदारों के बैंक खाते फ्रीज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** डिजिटल इंडिया के दौर में नूंह जिले के छोटे-मध्यम दुकानदार अब साइबर अपराध की चपेट में आकर त्रस्त हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं बेचने वाले व्यापारी जब ग्राहकों से ऑनलाइन पेमेंट लेते हैं, तो कुछ ही घंटों में उनका बैंक खाता फ्रीज हो जाता है। बिना किसी गलती के पूरा कारोबार ठप्प, आर्थिक नुकसान और रोजी-रोटी का संकट यह अब नूंह जिले में आम बात बनती जा रही है।
स्थानीय दुकानदार तय्यब हुसैन, राशिद खान और मोहम्मद कासिम ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि आजकल ग्राहक फोन या अन्य सामान खरीदकर यूपीआई या बैंक ट्रांसफर से पैसे भेज देते हैं। लेकिन पैसे खाते में आते ही बैंक हमें सूचना दिए बिना पूरा अकाउंट बंद कर देता है। हमें पता भी नहीं चलता कि वो पैसा किसी फ्रॉड या साइबर क्राइम से जुड़ा था या नहीं। उन्होंने कहा कि खाता फ्रीज होने के बाद न सिर्फ उनके रोजमर्रा के लेन-देन रुक जाते हैं, बल्कि किराना, बिजली बिल और कर्मचारियों के वेतन जैसी जरूरी राशि भी अटक जाती है।दुकानदारों का आरोप है कि बैंक केवल संदिग्ध लेन-देन को होल्ड करने की बजाय पूरे खाते को फ्रीज कर देते हैं, जिससे निर्दोष व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारा कोई कसूर नहीं, फिर भी हमारी दुकानें बंद हो रही हैं। डिजिटल पेमेंट का भरोसा ही उठता जा रहा है। नूंह जिले में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पुलिस और बैंकिंग विशेषज्ञों का मानना है कि फ्रॉड करने वाले पूरे देश से छोटे शहरों-कस्बों के दुकानदारों को निशाना बना रहे हैं।

## पानी की टंकी से कूदने के कारण संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । क्षेत्र के गांव झाड़ली में आईटीआई स्टूडेंट की पानी की टंकी से कूदने के कारण संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए कनीना के उप नागरिक अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मृतक की पहचान रविंद्र (19) निवासी गांव झाड़ली के रूप में हुई है। वह आईटीआई सेहलंग में फीटर ट्रेड का छात्र था और अविवाहित था। बताया जा रहा है कि सोमवार रात वह गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया और वहां से नीचे कूद गया। परिजनों के अनुसार टंकी से कूदने से पहले रविंद्र ने फोन कर घरवालों को बताया था कि वह टंकी पर है और उसे बचा लो।

## पलवल में रक्तदान शिविर आयोजित, दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिला रेड क्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में प्राथमिक सहायता



प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 16 प्रशिक्षणार्थियों ने राजकीय रक्तकोष पलवल में रक्तदान किया।
सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी महेश गुप्ता ने कि रक्तदान से जहां जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, वहीं रक्तदाता को अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच का भी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि रक्त चढ़ाने से पूर्व रक्त की संपूर्ण जांच की जाती है, जिससे दाता को अपने स्वास्थ्य की जानकारी मिलती है। उन्होंने सभी स्वस्थ व्यक्तियों से हर तीन महीने में रक्तदान करने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दूसरे चरण में दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को चार्जिंग युक्त मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरित की गई ताकि वे आत्मनिर्भर होकर सामान्य जीवन जी सकें। इस अवसर पर अंजलि भयाना (लेखाकार), नीतू सिंह (जिला प्रशिक्षण अधिकारी), अल्पना मित्तल (प्रवक्ता), आरती मौर्य, ऊषा एवं सूर्यकांत सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## सड़क दुघर्टना का प्रोपर ऑडिट करवाकर दुघर्टना के कारणों का लगाएं पताः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठद बुधवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय सडकसुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सडक एजेंसियों के संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जिला में जब भी सडक दुर्घटना घटित हो तो संबंधित एजेंसी उसका प्रोपर ऑडिट करें और दुर्घटना के कारणों का पता लगाकर उस कमी का दुरूस्त करवाएं ताकि दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सडक दुर्घनाएं रोकने के लिए हमदर्द



बनना होगा और सोचना होगा कि यह दुर्घटना उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ भी घटित हो सकती थी।
उपायुक्त ने जिला में घटित सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालना करने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपनी और दूसरों की जान की कीमत समझते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सरकार और जिला प्रशासन सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जीरी टोलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं, जिसमें सभी को सहयोग करना होगा। दुघर्टनाएं रोकना सिर्फ सरकार, जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हमें भी इसके प्रति जागरूक होना होगा और अन्य लोगों को भी जागरूक करना होगा।
उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति आमजन सहित वाहन चालकों के लिए सफर को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक बनाए और जिला में सडक हादसे रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबधित विभाग व विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जिला में प्रशासनिक गलतियों के कारण सडक दुर्घटनाएं न घटित हों, जिस विभाग की गलती के कारण दुर्घटना होगी वह विभाग इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सडक पर गड्ढों व एजेंसी की गलती की वजह से सडक दुर्घटना घटित हुई तो संबंधित एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ धारा 304 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।
उपायुक्त ने सडक दुर्घटनाओं का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि जिला में जहां अधिक दुर्घटनाएं घटित होती हैं वहां विशेष ध्यान देकर आवश्यक कदम उठाते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए।
जिला में प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओं का कारण पता लगाकर उस पर तुरंत एक्शन लें।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर फिर भीषण हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला के फिरोजपुर झिरका सदर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई-बड़ौदा एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। बीती रात्रि मुंबई एक्सप्रेसवे के गांव बघौला के निकट खड़ी एक डीएल्टी ट्रक में तेज रफ्तार से आ रही दूसरी डीएल्टी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में दोनों वाहनों के चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई।
मृतकों की पहचान दानिश पुत्र फारूक निवासी अनवरगढ़जिला गौतम बुद्ध नगर और शादाब पुत्र शक्कर खान निवासी अनवरगढ़ जिला गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई है। दोनों मृतक एक



ही ट्रक में सवार थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह इस क्षेत्र में इस हफ्ते का तीसरा बड़ा हादसा है। इससे पहले दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो चुकी है। इस प्रकार फिरोजपुर झिरका सदर थाना क्षेत्र में इस हफ्ते अब तक कुल चार लोगों की जान जा चुकी है।
स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि ये हादसे मुख्य रूप से अवैध पार्किंग की वजह से हो रहे हैं। एक्सप्रेसवे पर ट्रक और अन्य भारी वाहनों को रात के समय बिना किसी सुरक्षा उपाय के खड़ा कर दिया जाता है, जिससे तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों को अचानक रुकावट का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका के डॉक्टरों ने 14 साल की लड़की की जान बचाई

**सोनीपत** । मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका के डॉक्टरों ने एक 14 साल की लड़की के गैस्ट्रोएसोफेजियल कैंसर का सफल इलाज किया है। इस लड़की को गैस्ट्रोएसोफेजियल (जी.ई) जंक्शन, जहाँ फूड पाईप पेट से मिलता है, वहाँ पर सिग्नेट रिंग कार्सिनोमा था। इस तरह का कैंसर अब तक बहुत ही कम लोगों में पाया गया है। इसकी वजह से यह लड़की कुछ भी निगल नहीं पा रही थी, जिससे उसके दैनिक जीवन और न्यूट्रिशन पर प्रभाव पड़ रहा था। हॉस्पिटल में आने के बाद उसकी पूरी जाँच की गई। बायोप्सी में पता चला कि उसे यह असामान्य कैंसर है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ के मुताबिक दुनिया में पाए जाने वाले कैंसर के मामलों में पेट और एसोफेजियल कैंसर का एक बड़ा हिस्सा है। लेकिन पीडियाट्रिक मरीजों में इस तरह के कैंसर बहुत ही कम पाए जाते हैं। युवाओं में ऐसे कैंसर अक्सर जीवनशैली या पर्यावरण के किन्हीं भी स्पष्ट कारणों के बिना ही होते हैं। इस लड़की की सर्जरी से पहले उसे पाँच बार कीमोथेरेपी दी गई। फिर डॉ. सुरेंद्र कुमार डबास, चेयरमैन - मणिपाल कंप्रेहेंसिव कैंसर सेंटर एवं ऑन्को रोबोटिक्स सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल्स ने अपनी ऑन्कोलॉजी टीम के साथ रोबोटिक सर्जरी की मदद से पेट का प्रभावित हिस्सा और उसके पास स्थित लिम्फ नोड्स को निकाल दिया। इस एडवांस्ड प्रक्रिया ने टीम को केवल ट्यूमर को काटकर निकालने में मदद की, तथा आसपास स्थित अन्य महत्वपूर्ण अंग बिल्कुल सुरक्षित रहे।डॉ. सुरेंद्र कुमार डबास ने कहा, गैस्ट्रोएसोफेजियल जंक्शन के कैंसर पीडियाट्रिक कैंसर के मरीजों में बहुत विरले देखने को मिलते हैं। इसलिए इनका डायग्नोसिस भी कठिन होता है। अगर इनका समय पर इलाज न किया जाए, तो वो तेजी से आसपास के अंगों में फैल सकते हैं, जिससे इलाज और ज्यादा मुश्किल होता चला जाता है। इस लड़की को सर्जरी से दी गई कीमोथेरेपी के बहुत अच्छे नतीजे मिले, जिससे हम एडवांस्ड सर्जिकल ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ सके। रोबोटिक सर्जरी बहुत सटीक होती है, इसमें बेहतर विज्युअलाईजेशन के साथ ज्यादा अनुकूल नतीजे मिलते हैं। खासकर इस तरह के नाजुक मामलों के लिए यह बहुत प्रभावशाली है। पूरे इलाज के दौरान मरीज ने असाधारण साहस का प्रदर्शन किया, जिससे रिकवरी में मदद मिली और उनकी खाने-पीने की क्षमता वापस आ सकी। मेडिकल सुपरविजन में मरीज ने तेजी से स्वास्थ्य प्राप्त किया।

### टाटा पावर ने दो ट्रांसमिशन लाइनों के सफल संचालन की घोषणा की

**नोएडा।** टाटा पावर ने आज उत्तर प्रदेश में 154 सर्किट किलोमीटर में फैली दो ट्रांसमिशन लाइनों - 400 किलोवोल्ट (केवी ) टांडा-गोंडा और 400केवी गोंडा-बस्ती डबल सर्किट के सफल संचालन (कमीशनिंग) की घोषणा की। इस उपलब्धि के साथ, कंपनी ने अब साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों और सब-स्टेशनों को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। अब इस नेटवर्क में पूरे राज्य में 951 सर्किट किलोमीटर की तीन 765 केवी लाइनें, 566 सर्किट किलोमीटर की चौदह 400 केवी लाइनें और 3460 एमवीए परिवर्तन क्षमता वाले तीन 765/400 केवी सब-स्टेशन शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 765 केवी मैनपुरी-बारा सिंगल सर्किट लाइन, 765 केवी मैनपुरी-उन्नाव सिंगल सर्किट लाइन, 400 केवी टांडा-गोंडा और 400 केवी गोंडा-बस्ती डबल सर्किट लाइन जैसी चार ट्रांसमिशन लाइनों के चालू होने से राज्य के भीतर उत्पन्न 4,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर की सुरक्षित और विश्वसनीय निकासी संभव हो सकेगी। यह परियोजना ग्रिड स्थिरता को बढ़ाते हुए और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राज्य की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में सहायता करेगी। इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने से उत्तर प्रदेश में बिजली सप्लाई का ढांचा बहुत मजबूत हो गया है, जिससे अब पूरे इलाके में बिना किसी रुकावट के बेहतर तरीके से बिजली मिल सकेगी। इन 1,517 सर्किट किलोमीटर में फैली सत्रह 765 केवी और 400 केवी लाइनों के चालू होने के साथ, टाटा पावर का कुल चालू ट्रांसमिशन नेटवर्क अब 5,466 सर्किट किलोमीटर तक पहुंच गया है। इसके अलावा, 1,863 सर्किट किलोमीटर का काम अभी चल रहा है। बढ़ता हुआ यह पोर्टफोलियो भारत के हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन ढांचे को बनाने और आधुनिक बनाने में कंपनी की मजबूत होती भूमिका को दशार्ता है– खासकर ऐसे समय में जब देश की आर्थिक प्रगति को बनाए रखने के लिए एक मजबूत बिजली ग्रिड का होना बहुत जरूरी है।

# प्राकृतिक खेती विषय पर जिलास्तरीय सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत के गांव ऊझा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन खंड कृषि अधिकारी समालखा डॉ. नवीन लठवाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया। उसके बाद कृषि विभाग



के उपनिदेशक डॉ. प्रवीण गुलिया ने किसानों को विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए अनेक योजनाएं और अनुदान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। मत्स्य पालन विभाग से डॉ. शैलेश ने अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. राधेश्याम गुप्ता ने मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में किसानों को बतलाया। उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुहाड़ ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी कृषि संबंधी समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु विभाग से सहयोग लेने का सुझाव दिया। केवीके के सीनियर कोऑर्डिनेटर डा. सतपाल सिंह ने किसानों को फसल विविधिकरण की जानकारी दी और पानी की बचत के लिये किसानों से धान की सीधी बिजाई करने की अपील की। इस मौके पर कृषि विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
वहीं मुख्य अतिथि गजेंद्र सलूजा ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

**जागरूक किया**

□ किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाना था

### अमेजन इंडिया ने अपने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया

**गुरुग्राम।** अमेजन इंडिया ने आज हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिलों में महिलाओं पर केंद्रित अपने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों, बैंकिंग पार्टनर्स और सामुदायिक लीडर्स ने हिस्सा लिया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और स्थानीय स्तर पर रोजगार व आजीविका को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला माह 2026 के हिस्से के रूप में, कंपनी ने गुरुग्राम में डेयर टू ड्रीम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे महिला उद्यमी वित्तीय साक्षरता, सही मार्गदर्शन और सामुदायिक नेटवर्क की मदद से अपने बिजनेस को बढ़ा रही हैं, अपनी आमदनी सुधार रही हैं और अपने समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। अमेजन इंडिया के सहयोग से और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, शी एंड वीझ वुमेन एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन और रीड इंडिया के साथ मिलकर चलाए जा रहे ये कार्यक्रम अमेजन के ऑपरेशंस वाले क्षेत्रों के आसपास सक्रिय हैं। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना, नए अवसरों तक उनकी पहुँच आसान बनाना और समुदाय के नेतृत्व वाले विकास को मजबूत करना है। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर - एएमजेडएल, इंडिया ऑपरेशंस, सलीम रफीक मेमन ने कहा, एक अच्छे पड़ोसी के रूप में हमारा दृष्टिकोण समुदायों की मदद करने और उन क्षेत्रों में निवेश करने पर है जो स्थायी और सार्थक बदलाव लाते हैं। आज का कार्यक्रम गुरुग्राम और नूंह की महिला उद्यमियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व का जश्न मनाता है, जो अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं और अपने समुदाय के अन्य लोगों को प्रेरित कर रही हैं। इस कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ सुमित कुमार और नाबार्ड के अतिरिक्त महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी सहित प्रमुख सरकारी और संस्थागत हितधारक शामिल हुए।

### महिलाएं सशक्त होंगी तो देश की प्रगति स्वतः सुनिश्चित होगी: डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारतीय संस्कृति में महिलाओं को प्राचीन काल से ही विशेष सम्मान प्राप्त है। हमारे समाज में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है और उसे शक्ति, ज्ञान एवं समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्तर के संघ सदस्यों (सीएलएफ सदस्यों) के लिए जेंडर मॉड्यूल पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

# डेरा सच्चा सौदा में गुरु मंत्र भंडारा

**सिरसा (रणबीर खटक)**
शाह सतनाम जी-शाह मस्ताना जी धाम,डेरा सच्चा सौदा सिरसा में बुधवार को एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में साध-संगत ने भाग लेकर आध्यात्मिक माहौल में इस पावन दिवस की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान साध-संगत ने गुरु की शिक्षाओं पर चलते हुए विभिन्न मानवता भलाई कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। गर्मी को देखते हुए पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 353 मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। साथ ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर पानी से भरे सकोरे रखने का संकल्प लिया, ताकि गर्मी में



पक्षियों को प्यास से राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त, फूड बैंक मुहिम के अंतर्गत 53 जरूरतमंद परिवारों को एक-एक महीने का राशन वितरित किया गया। इस पहल को साध-संगत ने सेवा और परोपकार की भावना से जोड़ा। साध-संगत ने पूज्य गुरु जी के अनमोल वचनों को श्रद्धापूर्वक सुना।
पूज्य गुरु जी ने साध-संगत से आह्वान किया कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक बुराइयों से दूर कर आध्यात्मिक मार्ग से जोड़ें।

# हकेवि में दो दिवसीय कॉमफिएस्टा का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम कॉमफिएस्टा का सफलतापूर्वक समापन हो गया।
इस कार्यक्रम में लगभग 120 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने किया। कुलपति



ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर विकसित भारत एट 2047 में युवाओं की भूमिका विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया।
इस चर्चा में विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सुनीता तंवर, छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनु यादव, प्रो. अमनदीप वर्मा ने हिस्सा लिया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीतम एवं दिनेश जाखड़ विजयी रहे। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### जर्जर मकान तोड़ने के दौरान छत ढहने से दो महिला श्रमिक घायल

**गुरुग्राम।** यहां सदर बाजार के पास स्थित रोशनपुरा में एक पुराने मकान को तोडने के दौरान छत गिर गई। छत के मलबे के नीचे दो महिला मजदूर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि एक महिला गर्भवती हैं। घटना की सूचना पाकर पुलिस व बचाव दल मौके पर पहुंचे।
जानकारी के अनुसार रोशनपुरा में एक पुराने जर्जर मकान को तोड़ा जा रहा था। बुधवार को दो महिला मजदूर मकान की छत पर बैठकर खाना खा रही थीं। इसी दौरान छत भरभरा कर गिर गई। दोनों महिलाएं मलबे के नीचे दब गई।

## सीआईसीआर: डा. एसके वर्मा ने अपना पदभार ग्रहण किया

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (सीआईसीआर), क्षेत्रीय स्टेशन, सिरसा के कार्यवाहक अध्यक्ष डा. एसके वर्मा ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया। डा. एसके वर्मा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के विशेषज्ञ हैं और इस क्षेत्र में उन्होंने डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की हुई है। इससे पहले वे संस्थान में प्रधान वैज्ञानिक (पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी) के पद पर कार्यरत थे और अपने शोध कार्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। विशेष रूप से देसी कपास के क्षेत्र में डा. वर्मा को व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने देसी कपास की उन्नत किस्में



जैसे सीआईसीआर-1 और सीआईसीआर-3 विकसित की हैं। इसके अलावा, उन्होंने देसी कपास की संकर किस्में सीआईसीआर-2 और सीआईसीआर-4 भी तैयार की हैं, जो उत्तरी भारत के किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही हैं।

## मां कालरात्रि भक्तों को शुभ फल देती है: सतीश

### श्रद्धालुओं ने किया मां कालरात्रि का पूजन

**शाहाबाद मारकंडा,**
**(प्रदीप कुमार):**
प्राचीन ऐतिहासिक श्रीमद् देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर में नवरात्रों के 7 वें दिन दूर दराज व आस-पास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने माता रानी का पूजन कर मन्नते मांगी। मां के भगत माता रानी के पिंडी स्वरूप के दर्शन कर लाल चुनरिया, नारियल, प्रसाद, फल, फूल अर्पण कर मां के 7 वें स्वरूप
मां कालरात्रि का पूजन कर रहे थे और धूप-दीप जला माथा टेक रहे थे। मंदिर के पुजारी पंडित ऋषि राज, पंडित सतीश शर्मा ने पूजन कराते हुए कहा कि मां कालरात्रि का पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और माता रानी अपने भक्तों की दुष्टों से रक्षा करती है। इनकी उपासना



से उपासक के समस्त पापों का नाश हो जाता है। मां कालरात्रि रात्रि अपने भक्तों को शुभ फल ही देती है। माता रानी की उपासना से भगत को शोक मुक्त रहने का वरदान प्राप्त होता है। दोपहर को मंदिर परिसर में व्रत वाले विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग, बसंत गुप्ता, डॉ. छवि प्रकाश शर्मा, मलिक विजय आनंद, मनोनीत पार्षद दीपक आनंद, अश्वनी गर्ग, सुरेंद्र अरोड़ा, काला आहूजा, पूर्व सरपंच कर्मा जोगी, शिवम मदान, नीरज गुप्ता दादू, गुलजार सिंह, विनोद शर्मा खरींडवा, संजीव धीमान, राजेश बवेजा, हरि चंद, अनुज गर्ग, बलविंदर सुरखपुर, केसर ढोला माजरा, सुख राम, राम लाल, आशु जिंदल, शिवनारायण सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नवरात्रि मेले में डीएलएसए पंचकूला का लगा विधिक जागरूकता स्टॉल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल: अजय कुमार घंगस ,** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए ), जिला न्यायालय, पंचकूला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव जगदीप सिंह लोहान के निर्देशों के अनुपालन में, और डीएलएसए , पंचकूला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष संजय संधिर के कुशल मार्गदर्शन में, पवित्र माता मनसा देवी मंदिर में शुभ नवरात्रि मेले के दौरान 19 मार्च से 26 मार्च तक एक विधिक जागरूकता स्टॉल लगाया गया है।
उन्होंने आगे बताया कि नवरात्रि उत्सव के दौरान, हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन माता मनसा देवी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। इस विशाल जनसमूह का लाभ उठाते हुए, डीएलएसए , पंचकूला ने आम जनता के बीच मुफ्त विधिक सहायता सेवाओं, कानूनी अधिकारों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह स्टॉल स्थापित किया है।
स्टॉल के प्रभावी संचालन के लिए, पैनल अधिवक्ताओं को प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक प्रो बोनो (निःशुल्क सेवा) आधार पर तैनात किया गया हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली रूचि की अभिव्यक्ति के लिए निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, भारत के राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप, प्रतिष्ठित निजी रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग केंद्र के लिए निर्धारित प्रपत्र पर रूचि की अभिव्यक्ति के लिए सीलबंद खुली निविदा आमंत्रित की की गई है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी नंबर | 140 Med/Investigation/JUDW/2026 |
| निविदा संख्या | 140 Med/Investigation/JUDW/2026 |
| कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, प्रतिष्ठित निजी डायग्नोस्टिक लैबेरेट्रीज और रेडियोलॉजिकल इमेजिंग केंद्र, जो यमुना नगर, जगाधरी और जगाधरी वर्कशॉप के नगर निगम क्षेत्र के भीतर या आस–पास के शहरों/स्थानों में स्थित है, को जगाधरी वर्कशॉप के रेलवे लाभर्थियों के लिए दो वर्ष के लिए कैशलेस पैनल में शामिल करने हेतु विभिन्न लैब जांचों (हेमेटोलॉजिकल, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, मूत्र और मल की जांच आदि) और रेडियोलॉजिकल जांचों (X Ray, USG, CT Scan और MRI आदि) की सुविधा उपलब्ध करने के उदेश्य से खुली रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई) आमंत्रित की गई है। इन सेवाओं के लिए दरें यमुना नगर शहर हेतु निर्धारित CGHS दरों के अनुसार होंगी। |
| पूर्णता की अवधि | 2 वर्ष |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in निविदाकर्ता 28.03.2026 से निविदा दस्तावेज 27.04.2026 को 11.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते हैं। |
| कार्यालय का पता और तारीख जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगे | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, से किसी भी कार्य दिवस पर 28.03.2026 से 09.00 बजे से 13:00 बजे के बीच में अंतिम तिथि 27.04.2026 में 11:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | सीलबंद आवेदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय में अंतिम तिथि 27.04.2026 में 12:00 बजे तक ही जमा कर पाएंगे। |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | सीलबंद आवेदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय में 27.04.2026 में 12:30 बजे खोले जाएंगे। |
| निविदा दस्तावेज की लागत | निविदा दस्तावेज की लागत रु. 1000/– बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधिकृत बैंक से जारी Sr. AFA उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप के पक्ष में जगाधरी वर्कशॉप–135002 में देय होनी चाहिए। |

No. 140-Med/Investigation/JUDW/20246
Date : 21.03.2026 1016/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| SN | Lot No | Description | Auction Start date time |
|---|---|---|---|
| 1 | PARKING-UMB-SSW-MX-131-26-1 | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | ADVT-Int-250749-2-26-1 | ट्रेन संख्या 20493/94 (सीडीजी–एमडीयू–सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट–योजना के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | PARKING-UMB-SML-MX-132-26-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर बाबा भाल्कू रेल संग्रहालय के अंदर 2071.57 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 5 | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-1 | अंबाला मंडल के लेहरा गागा (एलएचए) रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 6 | MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-1 | अंबाला मंडल के सनम उधम सिंह वाला (एसडीएमयू) रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 7 | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-1 | अंबाला मंडलू के धुरी (डीयूआई) रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1008/26

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| क्र. सं. | ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|---|
| 1. | Parking-10-2026 | 10.04.2026 को 11:00 बजे | पानीपत (कार) (प्रथम प्रवेश), कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), मुराद नगर, रोहतक (द्वितीय प्रवेश), बरेटा, बुढलाडा, करनाल (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार), मेरठ कैंट, खेकड़ा (परिसंचरण क्षेत्र), थानेसर, सांपला (मुख्य प्रवेश), सांपला (द्वितीय प्रवेश), कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार) = कुल 13 साइटें। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता **4.** आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

**सं.: 23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक: 25.03.2026** 1015/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**प्रतिभूतिकरण अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुंबई मुख्यालय के माध्यम से निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस जारी किया है कि उन्होंने वीएचएफसीएल से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और उक्त सुविधाएं गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां बन गई हैं। ये नोटिस उन्हें प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर जारी किए गए थे, हालाँकि ये नोटिस तामील नहीं हुए हैं और इसलिए उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| कर्ज लेने वाले का नाम, सह-उधारकर्ता और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख और रकम | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| रमन कुमार (आवेदक), राज बाला (सह-ऋणकर्ता), रमेश कुमार (सह-ऋणकर्ता)<br>एलपी0000000163044 | 16/03/2026 रु. 3078207 दिनांक 14/03/2026 तक, साथ ही उस पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क | संपत्ति यानी खेवट नंबर 1, किते 41 तदादी 285 कनाल 19 मरले का 36/5719 हिस्सा बकादर 1 कनाल 16 मरले वा आराजी खेवट नंबर 1/2 नंबर खसरा 15//2/2(2-15) 78//15 (8-0) 16 (8-0) 25 (8-0) 6 (4-4) 7 (7-11) 79//10/2 (6-16) 11 (8-0) 9/2 (1-16) किते 9 तदादी 55 कनाल 2 मरले का 6/1102 हिसा बकादर 6 मरले वा आराजी खेवट नंबर 2 किते 4 तदादी 29 कनाल 8 मरले का 2/588 हिस्सा बकादर 2 मरले कुल बराकबा मुंतकिला 2 मरले 4 कनाल भट्टू में स्थित है खुर्द,तहसील एवं जिला फतेहाबाद-125050। उत्तर - लागू नहीं, दक्षिण - लागू नहीं, पूर्व - लागू नहीं, पश्चिम - लागू नहीं |
| दलजीत सिंह (आवेदक), चरणजीत कौर (सह-उधारकर्ता)<br>एचएल0000000111864 | 17/03/2026 रु. 989085 दिनांक 14/03/2026 तक, साथ ही उस पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क | संपत्ति, यानी प्लॉट/मकान, जिसका व.कऊ नंबर 57974 रइ3र3000 फ01440 है, जिसका क्षेत्रफल 84.737 वर्ग गज है, जो ग्राम हवेली की आबादी देह में स्थित है; उप-तहसील सढौरा, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर-133204। उत्तर - 6.995 + 2.166 + 4.208 मीटर, दक्षिण - 9.007 मीटर, पूर्व - 7.106 + 1.957 + 2.323 मीटर,पश्चिम - 7.078 मीटर। |

नोटिस की वैकल्पिक तामील (24ु2334ुँई2ी15ूी) के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान कर दें; ऐसा न करने पर, इस नोटिस की तारीख से 60 दिन बीत जाने के बाद, 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' (सरफेसी एक्ट, 2002) के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कृपया सूचित हों कि उक्त नोटिस धारा 13(13) के अंतर्गत भी है, जिसके द्वारा उधारकताओं/गारंटरों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टे पर दिया/हस्तांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

दिनांक : 26.03.2026
स्थान : हरियाणा

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 26 मार्च 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# रियल एस्टेट की कंपनी एम्मार के विरुद्ध धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के केस में हाई कोर्ट का दखल देने से इंकार

- हाई कोर्ट ने कहा, जमीन के सौदे में तथ्य छिपाना केवल सिविल विवाद नहीं, आपराधिक मामला भी
- गुरुग्राम की अदालत के एफआइआर के आदेश को बरकरार रखा, एम्मार ने सिनर्जी फिनहब को धोखे में रखकर कराया निवेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने रियल एस्टेट की कंपनी एम्मार इंडिया लिमिटेड और उसके अधिकारियों के खिलाफ गुरुग्राम में दर्ज धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की एफआइआर को रद्द करने से इंकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यापारिक समझौते में जानबूझकर महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया है तो उसे केवल दीवानी (सिविल) विवाद मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद एम्मार इंडिया और उसके उन अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिन्होंने रियल एस्टेट के व्यापारिक समझौते में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने का काम

### मुश्किलें बढ़ी

- समझौते में जानबूझकर तथ्यों को छिपाया गया है तो उसे सिविल विवाद मानकर खारिज नहीं कर सकते

किया है। एम्मार इंडिया लिमिटेड के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पुलिस जांच में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। यह विवाद सिनर्जी फिनहब एलएलपी और एम्मार इंडिया लिमिटेड के बीच एक संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) से जुड़ा है। शिकायतकर्ता




कंपनी सिनर्जी फिनहब का आरोप है कि एम्मार इंडिया ने करीब 18 एकड़ जमीन की परियोजना से जुड़े पुराने समझौतों और तीसरे पक्ष के दावों को छिपाकर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया। एम्मार की सहायक कंपनियों जय प्रापबिल्ड और रुद्राक्ष रियल्टर्स ने इस जमीन को लेकर तेजस होम बिल्ड और नैनी इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी कंपनियों के साथ 2010 और 2013 में पहले ही समझौते कर रखे थे, जिन्हें आखिर तक छिपाकर रखा गया है। इन समझौतों की जानकारी सिनर्जी फिनहब को नहीं दी गई, जिस कारण उन्हें बाद में तीसरे पक्ष के दावों का सामना करना पड़ा। नतीजतन कंपनी को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता को विवाद सुलझाने के लिए अलग से एक करोड़ रुपये का भुगतान और विकसित यूनिट्स का आवंटन भी करना पड़ा। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस मनदीप पन्नू की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हालांकि यह विवाद एक अनुबंध से उपजा है, लेकिन इसमें धोखाधड़ी और छल के तत्व मौजूद हैं, जिनसे बिल्कुल भी इंकार नहीं किया जा सकता। सिनर्जी फिनहब ने इस प्रोजेक्ट में करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये का निवेश किया था। हाई कोर्ट ने निहारिका इन्फ्रास्ट्रक्चर मामले का हवाला देते हुए कहा कि सिविल और आपराधिक कार्यवाही साथ-साथ चल सकती है, यदि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनता है, तो जांच को रोका नहीं जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने इस केस में पाया कि तेजस और नैनी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ पुराने समझौतों को नहीं बताना अथवा छिपाकर रखना केवल अनुबंध का उल्लंघन नहीं, बल्कि धोखाधड़ी और कपटपूर्ण प्रलोभन का मामला बनता है।

### इन कारणों से रद्द नहीं हो सकती एफआइआर: कोर्ट

हाई कोर्ट ने गुरुग्राम की अदालत की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा चूंकि दोनों पक्ष समझौते को लागू कराने के लिए मध्यस्थता में हैं, इसलिए इसे फर्जी नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इस एक त्रुटि के कारण पूरी एफआइआर रद्द नहीं की जा सकती। हाई कोर्ट ने गुरुग्राम की अदालत द्वारा 10 मार्च 2026 को दिए गए उस आदेश को उचित ठहराया, जिसमें पुलिस को एम्मार इंडिया और उसके अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस स्टेशन सिविल लाइंस गुरुग्राम में दर्ज एफआइआर नंबर 66/2026 के तहत अब जांच जारी रहेगी।

### समझौते में हुआ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति का उल्लंघन

एम्मार की ओर से हाई कोर्ट में याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत दायर की गई थी, जिसमें धोखाधड़ी (318), जबरन वसूली (308), आपराधिक साजिश (61), धारा 343 और धारा 3 (5) जैसी धाराओं के तहत सिनर्जी फिनहब एलएलपी की ओर से गुरुग्राम के थाने में दर्ज कराए गए केस को चुनौती दी गई थी। सिनर्जी फिनहब का आरोप है कि एम्मार इंडिया ने जानबूझकर पूर्व में बेची हुई जमीन का सौदा किया, तथ्यों को छिपाया और बाद में करोड़ों रुपये हड़पने की नीयत से उसे पंजीकृत प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया। एफआइआर में आरोप है कि कंपनी ने बाद में करीब 120 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की। इस पूरे मामले का गंभीर पहलू यह है कि विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति का उल्लंघन किया गया है। इससे पहले भी गुरुग्राम के सेक्टर 83 में एम्मार पाम गार्डंस में विवादित जमीन बेचने का मामला सामने आया था।

## लोकभवन राज्य की प्रशासनिक गरिमा का प्रतीक: राज्यपाल पटेल



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित लोकभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक- 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का बुधवार को लोकार्पण किया। उन्होंने भारत माता के जयघोष के साथ फीता खोलकर प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लोकभवन प्रदेश की प्रशासनिक गरिमा का प्रतीक है। प्रवेश द्वारों का सुदृढ़ और सुव्यवस्थित होना सुरक्षा के साथ ही राज्य की सांस्कृतिक स्थापत्य पहचान को भी सशक्त करता है। उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक विशिष्टताओं के अनुरूप गेट निर्माण के लिए संबंधित विभागों की सराहना की।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। लोकभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक- 1 एवं 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की पूर्णता तक लगभग 98

### सुदृढ़ीकृत

- राज्यपाल पटेल ने सुदृढ़ीकृत नवनिर्मित प्रवेश द्वार का किया लोकार्पण

लाख 65 हजार रुपयों की लागत आई है। प्रवेश द्वारों की संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए गए हैं, जिससे लोकभवन परिसर का स्वरूप और अधिक आकर्षक, सुरक्षित और सुविधाजनक हुआ है। राज्यपाल पटेल ने अप्रैल 2025 में लोकभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक- 1 एवं 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि-पूजन किया था। उन्होंने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी।

## मुख्यमंत्री निवास में होगी बहनों की पंचायत: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अपने जन्म दिवस पर बहनों की पाती-भैया के नाम लेकर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभिव्यक्ति बहनों की पाती-भैया के नाम एक आत्मीय पहल है। बहनों का आशीर्वाद हमें निरंतर प्राप्त होता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की बहनों ने अपने मन के भाव, अनुभव और सुझाव पाती के माध्यम से व्यक्त किए हैं। बहनों ने अपने भैया के प्रति विश्वास, स्नेह और सम्मान को



शब्दों में पिरोया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के स्वाभिमान और सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में जल्द ही बहनों से संवाद के लिए विशेष पंचायत आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में गरीब, युवा, नारी और किसान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रदेश में बहनों के कल्याण का

### संवाद

- प्रधानमंत्री मोदी देश में गरीब, युवा, नारी और किसान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे

कार्य मिशन मोड में चल रहा है। राज्य सरकार ने नारी सशक्तिकरण के लिए एक लाख करोड़ रूपए से अधिक के बजट का प्रावधान किया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। अब हमारी बहनें कारखानों और उद्योगों में भी नेतृत्व कर रही हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी को अधिक से अधिक प्रसारित करने में सहयोग का आव्हान किया।

## प्रतिनिधिमंडल ने सीएम सोरेन को रामनवमी उत्सव के लिए किया आमंत्रित



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तपोवन मंदिर, निवारनपुर के महंत ओम प्रकाश शरण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मंदिर समिति के सदस्य प्रणय कुमार वर्मा, अयोध्या दास एवं आशुतोष दास शामिल थे।

## न एनआरसी होने दूंगी, न डिटेंशन कैंप बनने दूंगी: ममता

### केंद्र पर हमला

- केंद्र की एजेंसियों, केंद्रीय बलों को भी संदेश देते हुए कहा कि वे निष्पक्ष होकर कर्तव्य निभाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**जलपाईगुड़ी।** उत्तर बंगाल से विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को जिले के मयनागुड़ी टाउन क्लब मैदान से की। इस दौरान उन्होंने अपने पार्टी के उम्मीदवार राममोहन राय के



समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत विकास कार्यों की समीक्षा से की। उन्होंने बताया कि 11 करोड़ रुपये में सड़क निर्माण हो रहा है, महाकाल मंदिर का निर्माण जारी है और राज्य सरकार ने हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह एक हिंसक पार्टी है। उनके भाषण में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) का डर, मूल्यवृद्धि, जनजातीय भावनाएं और पहचान पत्र विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे प्रमुख रहे। मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची (एसआईआर) को लेकर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि राजबंशी समुदाय तथा महिलाओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र की एजेंसियों और केंद्रीय बलों को भी संदेश देते हुए कहा कि वे निष्पक्ष होकर अपना कर्तव्य निभाएं। एनआरसी पर चेतावनी देते हुए कहा कि मेरे रहते बंगाल में एनआरसी करके डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी। भाजपा संविधान या लोकतंत्र की परवाह नहीं करती है। अकाल बारिश में आलू किसानों को राहत का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार उनके साथ है।

## माता कौशल्या महोत्सव 2026 का मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत चंदखुरी ग्राम में माता कौशल्या महोत्सव 2026 का शुभारंभ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली एवं सुप्रसिद्ध कलाकार पूनम विराट तिवारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महतारी वंदन योजना की 25वीं



किस्त जारी कर महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या में 500 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। भगवान श्री राम हम सबके आराध्य हैं। छत्तीसगढ़ सरकार उनके बताए हुए रास्ते पर चल रही हैं। मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में संचालित रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 42 हजार से

### महतारी वंदन

- यह महोत्सव मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है

अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है तथा महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री ने आगे कहा कि सभी के सहयोग से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाया जाएगा। साथ ही नवा रायपुर में फिल्म सिटी, मेडिसिटी सहित विभिन्न विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। माता कौशल्या महोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और पहचान को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण मंच भी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जहां एक ओर श्रद्धालुओं की आस्था को मजबूती मिलती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है।

## राज्यपाल से यूनीसेफ के इमेजिन वेंचर के प्रथम भारतीय पुरस्कार विजेता ने की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से बुधवार को लोकभवन में यूनीसेफ के इमेजिन वेंचर के प्रथम भारतीय पुरस्कार विजेता एवं एलियन इनोवेशन्स हैदराबाद के संस्थापक रवि किरण ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए विकसित नवीनतम सहायक उपकरण का प्रदर्शन किया और इसकी विशेषताओं की जानकारी दी। रवि किरण ने बताया कि यह उपकरण दृष्टिबाधित लोगों को दैनिक जीवन में अधिक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगा। भेंट के



दौरान उन्होंने राज्य में दृष्टिबाधितजनों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आगामी लॉन्च कार्यक्रम के लिए राज्यपाल को आमंत्रित भी किया। राज्यपाल ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर एलियन इनोवेशन्स की प्रमुख सुश्री हर्षिता भी उपस्थित थी।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने श्री देव सुमन विवि के विकसित प्रज्ञानम् एआई चैटबॉट का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को लोक भवन में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के विकसित प्रज्ञानम् एआई चैटबॉट का लोकार्पण किया। यह चैटबॉट विशेष रूप से वेद, उपनिषद, पुराण, प्राचीन भारतीय गणित, नाट्यशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, दर्शन एवं भारतीय विज्ञान जैसे विषयों पर आधारित विस्तृत डेटाबेस पर निर्मित है।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा वेद, पुराण उपनिषद और प्राचीन सभ्यता में निहित ज्ञान आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। प्रज्ञानम् जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस अमूल्य ज्ञान को 21वीं सदी की आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह चैटबॉट न केवल जिज्ञासाओं का समाधान करेगा, बल्कि शोध आधारित और प्रमाणिक जानकारी देकर उपयोगकर्ताओं को भारतीय ज्ञान की गहराई से परिचित कराएगा।

राज्यपाल ने इस परियोजना के लिए



विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह चैटबॉट एक वर्ष के गहन शोध का परिणाम है। इस दौरान भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित महत्वपूर्ण शोध कार्य किए गए तथा दो पुस्तकों का भी निर्माण किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित कर व्यापक विमर्श किया गया, जिससे इस परियोजना को मजबूत आधार मिला।

### विस्तृत डेटाबेस

- यह चैटबॉट विशेष रूप से वेद, उपनिषद, पुराण, भारतीय गणित, भारतीय विज्ञान जैसे विषयों पर आधारित विस्तृत डेटाबेस पर निर्मित

राज्यपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक के साथ अधिक जुड़ी हुई है, ऐसे में प्रज्ञानम् उन्हें अपनी जड़ों, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से इस पहल के ब्रांड एंबेसडर बनने का आान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की इस ज्ञान पहल को वैश्विक स्तर तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

लोकार्पण कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि देश-विदेश के विद्यार्थी, शोधकर्ता और सामान्य लोग भारतीय ज्ञान परंपरा को डिजिटल माध्यम से आसानी से प्राप्त कर पाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने प्रज्ञानम् चैटबॉट का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया और इसकी कार्यप्रणाली तथा उपयोगिता के बारे में जानकारी साझा की।